# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## राष्ट्रपति मुर्मू ने संगम में 3 डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया।

नेशनल हाईवे 30 पैक

*संगमनगरी को जोड़ने वाले सभी जिलों में 36-36 घंटे तक हिल नहीं पा रहे वाहन*

# जाम से 'त्राहिमाम'

## सतना, मैहर, कटनी और जबलपुर में 3 दिन से 15 से 20 किलोमीटर तक बार- बार जाम, श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना/चित्रकूट/रीवा

श्रद्धालुओं का एक रेला प्रयागराज में है। दूसरा रेला संगमनगरी जाने वाले जिलों की सड़कों पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के अलावा प्रयागराज जाने वाले सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों पर फंसे लोगों के दिन और रात रास्ते में ही कट रहे हैं। इन लोगों को भरपेट खाना और पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। टॉयलेट भी सड़क के किनारे ही जाना पड़ रहा है। रीवा, चित्रकूट के अलावा झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 में हजारों की संख्या में फंसे लोग भारी परेशान हैं। जाम इतना ज्यादा लगा हुआ है कि उसका असर सतना, रीवा, मैहर, चित्रकूट, कटनी और जबलपुर के अलावा अन्य शहरों तक देखने को मिल रहा है। कुछ मार्गों पर वाहन रेंग रहे हैं और कुछ ऐसे भी मार्ग हैं जहां पर श्रद्धालुओं को प्रयागराज जाने से रोक दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 12 तारीख को पूर्णमासी का शाही स्नान होना है, जिसकी वजह से प्रयागराज में भारी भीड़ जमा हो चुकी है।

सड़क पर गुजर रहे दिन और रात न भर पेट खाना और न पीने को पानी, ढाबों में खाना खत्म, टॉयलेट की कोई व्यवस्था नहीं

लोग एक्स पर वीडियो डाल रहे- कह रहे : न घर के रहे न घाट के। घर 250 किमी दूर। घाट 350 किमी दूर। न घर जा सकते और न घाट



चित्रकूट प्रयागराज मार्ग पर फंसे वाहन

### बनाए गए रैन बसेरे कहीं-कहीं बांटी जा रही खिचड़ी और पूड़ी सब्जी

इसी सड़क मार्ग पर नगर परिषद द्वारा चाकघाट से लेकर त्योंथर तक तक रैन बसेरा बनाए गए हैं। जहां पर जाम में फंसे नागरिकों को कहीं-कहीं खिचड़ी बनती जा रही है तो कहीं पर सब्जी-पूड़ी दी जा रही है।

### झांसी- मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर भी वाहनों की कतार

झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगीं हुई हैं। इस मार्ग पर मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली आदि जगहों के श्रद्धालु फंसे हुए हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने जाम पर लिया संज्ञान

## अचानक बुलाई बैठक, कहा-महाकुंभ के रास्ते मध्यप्रदेश में न लगे जाम

**भोपाल।** श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव भी अलर्ट मोड पर हैं। सोमवार दोपहर में




अचानक यूपी के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की बैठक सीएम ने बुलाई और पूरी स्थिति की समीक्षा की है। इसके बाद माना जा रहा है कि श्रद्धालुओं के लिए एमपी सरकार कुछ और खास इंतजाम करने जा रही है। सीएम ने सोमवार को अपील की और कहा कि रीवा के रास्ते प्रयागराज महाकुंभ जा रहे देश भर के श्रद्धालुओं की मदद करने के उद्देश्य से मप्र भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों भोजन, पानी, चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था करें। इसमें प्रशासन भी सहयोग करेगा।

---

### खबर संक्षेप

## गैंग रेप में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी फांसी

**इंदौर।** मंदसौर गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपी इरफान उर्फ भैयू और आसिफ की फांसी की सजा को निरस्त कर दिया है।



अब केस फिर से ट्रायल कोर्ट में भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को एक लैंडमार्क आदेश माना जा रहा है। इस केस में आरोपियों की डीएनए रिपोर्ट मौजूद थी, लेकिन कोर्ट ने माना कि यही पर्याप्त नहीं है। डीएनए रिपोर्ट को तब तक मजबूत आधार नहीं माना जा सकता जब तक इसकी जांच करने वाले साइंटिफिक एक्सपर्ट्स के कोर्ट में बयान नहीं होते। निष्पक्ष न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि साइंटिफिक एक्सपर्ट्स को गवाही के लिए कोर्ट में उपस्थित होना होगा। उन्हें डीएनए रिपोर्ट से संबंधित सभी दस्तावेज़ों की जांच प्रक्रिया स्पष्ट करनी होगी और इसे साबित करना होगा। अभियोजन पक्ष को यह भी निर्देश दिया गया है कि डीएनए संबंधित सभी दस्तावेज़ बचाव पक्ष को उपलब्ध कराए जाएं ताकि बचाव पक्ष इन्हें चुनौती दे सके। इसके बाद साइंटिफिक एक्सपर्ट अपनी रिपोर्ट को डिफेंड कर सकेंगे। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर ट्रायल कोर्ट निर्णय लेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दोनों आरोपी अब सजायाफ्ता नहीं, बल्कि विचाराधीन कैदी हो गए हैं।

---

एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए की सौगात

# इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 होगा, अगले साल 2700 रुपए देंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरांवा से एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनाओं के खाते में 1553 करोड़ 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ और 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। इस दौरान उन्होंने 144.84 करोड़ रुपए लागत के 53 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि लाडली बहना की राशि को भी धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह तक किया जाएगा।

**लाडली बहना की राशि को भी धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपए प्रति माह तक किया जाएगा**

- अंगदान, देहदान करने वालों को दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर
- 76 लाख बहनों को गैस की टंकी के लिए 450 रुपए भी प्रदान किए गए

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र सरकार का उद्देश्य हर हाथ को काम और हर खेत को पानी देना है*



### जल कलश यात्रा का समापन किया

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्वती, कालीसिंध एवं चंबल नदी के पानी को घड़े में मिलाकर जल कलश यात्रा का समापन किया। 2 जनवरी से नगर भंवरासा से कलश यात्रा के माध्यम से जलाभिषेक अभियान की शुरूआत हुई थी, जिसका सोमवार को समापन हुआ।

### हमारी नीति है, हर व्यक्ति की बेहतरी हो, किसी को नुकसान न हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि रणजीत सागर कॉम्प्लेक्स सिंचाई परियोजना से पिछले 2 जनवरी को जलाभिषेक यात्रा शुरू हुई थी, जो यहां संपन्न हुई। पहले इस योजना से 52 गांव डूब में आ रहे थे और अब 66 गांवों को पानी मिलेगा। यह हमारी नीति है, हर व्यक्ति की बेहतरी हो, किसी को नुकसान न हो।

### अंग दान करने वालों का 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को होगा सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गरीबों को भी गंभीर बीमारी की हालत में निःशुल्क एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की जा रही है। हमने निर्णय लिया है कि जो भी व्यक्ति अंगदान या देहदान करेगा उसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। आंख आदि छोटे अंग दान करने वालों का 26 जनवरी एवं 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा।

### किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली

डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और बिजली उपलब्ध करा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने 20 वर्ष पहले जो नदी जोड़ो का सपना देखा था, आज वह पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने हमें केन बेतवा लिंक योजना के लिए एक लाख करोड़ रुपए दिए हैं। इस योजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। 70 हजार करोड़ रुपए की पार्वती काली सिंध चंबल योजना पर भी कार्य शुरू हुआ है। प्रदेश के एक एक गांव, एक एक खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा।

---

मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## मप्र शिक्षक चयन परीक्षा 2024 में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को भी आयु सीमा में मिलेगी 'छूट'



- अन्य आरक्षित वर्गों की तरह 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट मिलेगी
- 45 वर्ष तक के ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2024 के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को भी अन्य आरक्षित वर्गों की तरह 5 वर्ष की आयु सीमा छूट मिलेगी। इस फैसले के बाद 45 वर्ष तक के ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी भी शिक्षक चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जिससे हजारों उम्मीदवारों को लाभ मिलेगा। शिक्षक चयन परीक्षा की रूल बुक की कंडिका 7.1 और 7.2 में ईडब्ल्यूएस को आरक्षित वर्ग माना गया था।

### संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन

याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि ईडब्ल्यूएस को आयु सीमा में छूट न देना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 16 (सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता) का उल्लंघन है। अनुच्छेद 14: यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और बिना भेदभाव के समान संरक्षण की गारंटी देता है।

---

कंडक्टर ने दरवाजे बंद कर की छेड़छाड़

## दहशत में आई दोनों बहनें चलती बस से 'कूद' पड़ीं



पन्ना जिले की बस, दमोह के झापन गांव जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

बस में सफर कर रहीं दो बहनें अश्लील कमेंट से परेशान हो गईं। डरी सहमी बहनें इतनी ज्यादा भयभीत हुईं कि उन्होंने चलती बस से छलांग लगा दी। दोनों के सिर में चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। घटना तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह की है। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, एक अब भी फरार है। एएसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि इस मामले में चार लोगों पर छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। ड्राइवर मोहम्मद आशिक शाह पिता अकबर शाह (28) निवासी हिंडोरिया, कंडक्टर बंसी लाल पिता राम चरण सेन (63) निवासी कुंडलपुर, हुकुम पिता जगत सिंह (71) निवासी सदगुवां और माधव पिता सुदामा असाटी (53) निवासी राजा पटना को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दरअसल, अखरोटा-टोरी मार्ग पर बने स्कूल में पढ़ने वाली 9वीं की छात्रा का गणित का पेपर था।

---

रणवीर, समय रैना व अपूर्वा मखीजा के खिलाफ एफआईआर, यूट्यूब से हटेगा वीडियो

# मां-पिता पर अश्लील टिप्पणी करने वाले रणवीर व समय रैना के खिलाफ देश में गुस्सा, सारी उम्र जेल में 'सड़ा' देने की मांग

माफी भी मांगी तो अकड़ के साथ रणवीर बोले- कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अपने यूट्यूब वीडियो से करोड़ों कमाने वाले रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना व अपूर्वा मखीजा ने मां-पिता के पवित्र रिश्तों को ऐसा तार-तार किया कि सारे देश में गुस्सा भड़क उठा। एक्स पर लोगों ने यहां तक लिख दिया कि इनको इनके शो में घुसकर जिंदा जला देना चाहिए या फिर इनको ताउम्र जेल में सड़ा देना चाहिए। यूट्यूब को इनका शो बंद कर देना चाहिए।

*कई सेलीब्रिटी ने भी कहा-इन तीनों को ऐसी सजा मिले कि याद रखें, यूट्यूब इनके शो बंद करे*



### सीएम फडणवीस ने कहा- कार्रवाई नजीर बननी चाहिए

अक्षित सिंह नाम के एक व्यक्ति ने यूट्यूबर, जिसे बीयरबाइसेप्स के नाम से भी जाना जाता है, और शो के होस्ट समय रैना के खिलाफ अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है लेकिन यह तब समाप्त हो जाती है ।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य ने यूट्यूब को लिखी चिट्ठी

एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब की पब्लिक पॉलिसी हेड मीरा चैट को पत्र लिखा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यूट्यूब से संबंधित एपिसोड/वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। ऐसी सामग्री को हटाने से पहले आपको संबंधित पुलिस अधिकारियों को चैनल और विशिष्ट वीडियो का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

### असम में इलाहाबादिया रैना समेत 5 पर केस दर्ज

**दिसपुर।** रणवीर इलाहाबादिया मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। असम पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। रणवीर इलाहबादिया के साथ आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, समय रैना और अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। अश्लीलता को बढ़ावा देने और अश्लील चर्चा में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है।

# बाजवा बोले- गिरेगी मान सरकार, कांग्रेस के संपर्क में मान के 30 'खेवनहार'

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की हार, केजरीवाल पर चहुंओर वार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की हार और भाजपा की जीत के बाद पंजाब की राजनीतिक गरम है। पंजाब कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि राज्य में बड़ी उथल-पुथल होगी। राज्य में कांग्रेस के नेता और विधानसभा में एलओपी प्रताप सिंह बाजवा ने अब दावा किया है कि आप के 30 विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। पंजाब में भगवंत मान सरकार को खतरे के अटकलों के बीच अरविंद केजरीवाल मंगलवार को विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

**अब पंजाब में सियासी गरमी**

*सभी पार्टियों के अपने-अपने दावे अटकलों का बड़ा जोर*



### मान बनेंगे पंजाब के दूसरे शिंदे

दिल्ली में आप की हार पर कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कड़ा हमला बोला था। बाजवा ने कहा था कि सीएम भगवंत मान अब दूसरे एकनाथ शिंदे बनेंगे। भगवंत मान के आप में अलग गुट बनाने के भी दावे विपक्ष द्वारा किए गए हैं। बाजवा ने कहा था कि केजरीवाल और पंजाब के मान ने पंजाबियों को बेवकूफ बनाने और 2022 में उनके वोट हासिल करने के लिए पंजाब में बड़े-बड़े वादे किए।

### केजरीवाल ने सभी विधायकों की बैठक बुलाई

दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आप में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है। इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

*सिरसा का बड़ा आरोप*

### मान को अयोग्य बता हटाया जाएगा



भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर ट्वीट किया कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा कि केजरीवाल भगवंत मान को अयोग्य बताकर सीएम पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे महिलाओं को 1000 रुपए देने का वादा पूरा करने में विफल रहे, नशाखोरी रोकने में विफल रहे और पंजाब की स्थिति को और खराब कर दिया। अब वे सारी विफलता मान पर मढ़ना चाहते हैं। वे आप पंजाब के विधायकों से कहलवा रहे हैं कि केजरीवाल एक 'अच्छे आदमी' हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए।

**पंजाब में विधानसभा की स्थिति**

आप ने पंजाब में 2022 के चुनावों प्रचंड जीत हासिल की थी। पंजाब की 117 सदस्यों वाली विधानसभा में आप को 92 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी है उसके पास कुल 16 विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल के पास 3, भाजपा के दो और बीएसपी के पास 1 विधायक है। एक सीट पर निर्दलीय का कब्जा है। एक सीट रिक्त है।


*एक वॉट्सएप कॉल पर पंजाब में बवाल*

### केंद्रीय मंत्री का करीबी गिरफ्तार



पंजाब में एक मिस्ड वॉट्सएप कॉल के चलते राजनीतिक बवाल मच गया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के करीबी सहयोगी राजेश अत्री को पंजाब पुलिस ने एससी-एसटी ऐक्ट के केस में अरेस्ट कर लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक वॉट्सऐप कॉल पर बदसलूकी की। उनके खिलाफ पटियाला के लाहौरी गेट के रहने वाले एक शख्स ने सिविल लाइंस पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने गलती से वॉट्सएप कॉल कर दी थी। राजेश अत्री ने उनसे बदतमीजी की और अपशब्द कहे। डीएसपी सतनाम सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

## खबर संक्षेप



### कार सवार मां और बेटी को मारी गोली, फरार

**मुजफ्फरनगर।** यहां के बिटावदा से परिवार के साथ गांव निस्तौली जिला गाजियाबाद जा रहे गौरव की कार से दाहा-बरनावा तिराहे पर बाइक में साइड लग गई। इसको लेकर हुए विवाद में बाइक सवार दो युवकों ने तमंचा निकालकर गौरव की पत्नी नीतू और बेटी अधीरा को गोली मार दी और फरार हो गए। घायल मां-बेटी को बड़ौत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निस्तौली गांव के रहने वाले गौरव ने बताया कि बिटावदा गांव में उसकी ससुराल है।



### 1.88 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 1.88 लाख करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर के बीच आईटीसी धोखाधड़ी के 72,393 मामलों सहित जीएसटी चोरी का आंकड़ा 1.88 लाख करोड़ रहा। इस दौरान 132 गिरफ्तारियां की गईं और 20,128 करोड़ की वसूली की गई। सोमवार को लोकसभा में इसकी जानकारी दी गई।



### गोंदिया में खेत में महिला का मिला जलता शव

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक गांव में महिला का जला हुआ शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शव बाबई गांव के एक खेत में सुबह के समय बरामद किया गया। गौरगांव तहसील के बाबई गांव में खेत में महिला का शव जलता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत आग बुझाकर शव का पंचनामा किया। इससे यह संदेह गहरा गया कि हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जलाया गया हो सकता है।



### पटियाला में कूड़े के ढेर से मिले 7 रॉकेट शेल

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में कूड़े के ढेर से सात रॉकेट शेल बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इन शेल्स में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ नहीं पाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है और सेना के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। पटियाला रेंज के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू ने जानकारी दी कि ये रॉकेट शेल पटियाला रोड पर एक कूड़े के ढेर से बरामद किए गए। इससे हड़कंप मचा है।

## भाजपा सांसद अनुराग ने लोकसभा में दिखाया 'आईना'

*दिल्ली चुनाव में करारी हार पर 'वार'*

# संसद में दिखाया पैंफलेट और बोले राहुल जी जीरो तो चेक कर लीजिए

### बड़ा तंज- ये जीरो का रिकॉर्ड राहुल ने अपने नाम कर लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दौरान सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संसद में राहुल गांधी का नाम लेते हुए एक पैंपलेट दिखाया। उन्होंने इस पैंपलेट को दिखाते हुए कहा कि राहुल जी जीरो चेक कर लीजिए। अनुराग ने जो पैंपलेट सदन में दिखाया उसमें 1200000 तक इनकम टैक्स पर जीरो टैक्स लिखा हुआ है। अनुराग ने कहा कि एक जीरो और भी है। ये कांग्रेस की सीटों की बात नहीं है। ये जीरो गिनने की बात मैं राहुल गांधी से कही है। अनुराग ने कहा कि मैं आपके सामने पूछना चाहता हूं 2014 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने कांग्रेस को कितनी सीटें दी। सदन में बैठे सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि जीरो, 2019 के लोकसभा में कितनी सीटें दी, सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2020 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, 2024 के लोकसभा में कितनी सीटें दीं सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2025 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, अगर ये जीरो का रिकॉर्ड बनाने का काम किसी ने किया है तो वो राहुल गांधी ने किया है।

**इसके पहले पीएम ने भी किया था हमला**

*ये सिर्फ जीरो का बात नहीं और भी हैं*

*आपने तो कई कारनामे दिखा चुके*




### पीएम ने कहा था- जमीनी काम करेंगे तो असर भी दिखेगा

बजट सत्र के दौरान ही कुछ दिन पहले पीएम मोदी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आप पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पिछले पांच दशकों से केवल गरीबी हटाने के नारे सुने हैं, लेकिन हमने गरीबों को सिर्फ नारे नहीं दिए, बल्कि सच्चा विकास दिया है। हमारी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल है। जब जमीन से जुड़े लोग, जमीन की सच्चाई को जानते हुए, जमीन पर जीवन खपाते हैं, तब जमीन पर बदलाव निश्चित होकर रहता है।

## सोनिया ने जल्द जनगणना कराने की मांग उठाई



कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को सरकार से जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में करीब 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित हो रहे हैं। राज्यसभा में अपने पहले शून्यकाल संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लाभार्थियों की पहचान2011 की जनगणना के आधार पर की जा रही है, जबकि देश की जनसंख्या अब काफी बढ़ चुकी है।

### खाद्य सुरक्षा कानून और जनगणना में देरी

सोनिया ने कहा कि यूपीए सरकार की तरफ से 2013 में लागू किया गया यह कानून देश के 140 करोड़ लोगों की भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम था। कोविड-19 संकट के दौरान भी इस कानून ने लाखों गरीब परिवारों को भुखमरी से बचाया। उन्होंने बताया कि गांवों में 75फीसदी और शहरों में 50फीसदी आबादी को सस्ते अनाज का लाभ देने वाला यह कानून 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है। उस समय, कुल लाभार्थियों की संख्या 81.35 करोड़ थी, लेकिन आज 14 करोड़ और लोग इसके हकदार हैं, जो लाभ से वंचित हो रहे हैं।

*संसद में लगे मोदी... मोदी के नारे*

### विपक्ष बताए अमेरिकी संस्था ने आतंक के लिए पैसा दिया या नहीं



दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत की पृष्ठभूमि में पार्टी सदस्यों ने लोकसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। निशिकांत दुबे ने अमेरिकी संस्था यूएसएड द्वारा भारत को विभाजित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं को धन दिए जाने का दावा करते हुए सरकार से मांग की कि इस मामले में जांच कराई जाए। कांग्रेस के साथ अमेरिकी कारोबारी सोरोस के साथ संबंध होने का अपना आरोप एक बार फिर दोहराया। दुबे ने सवाल उठाया कि क्या यूएसएड ने तालिबान को पैसा दिया था? इस अमेरिकी संस्था ने आतंकवादी और नक्सलवादी गतिविधियां बढ़ाने वाले कुछ संगठनों को पैसा दिया या नहीं, विपक्ष यह बताए।

### क्रेडिट गारंटी से 6.78 लाख छात्र लाभान्वित

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को संसद में बताया कि क्रेडिट गारंटी फंड योजना से साल 2024 में 6.78 लाख छात्रों को फायदा मिला।

*सुप्रीम कोर्ट की नेता को खरी-खरी*

## अधूरी कवायद गलत 'अधकच्चा' आदेश जारी नहीं कर सकते...



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच में भाजपा नेता और वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दाखिल एक जनहित याचिका पर उपाध्याय ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को संसद, विधानसभा या अन्य विधायी निकायों का सदस्य बनने से प्रतिबंधित करने की मांग की है।

उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान एवं पूर्व संसद सदस्यों तथा विधानसभा सदस्यों के खिलाफ करीब 5,000 से ज्यादा मामले लंबित हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वह सांसदों के विरुद्ध मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी करे और हाई कोर्ट को भी एमपीएमएलए कोर्ट की तरह एक अलग बेंच या कोर्ट बनाने का निर्देश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि आज कानून यह है कि कोई व्यक्ति किसी की हत्या करके भी किसी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल का अध्यक्ष हो सकता है।

### मुझे इस मुद्दे से फर्क नहीं पड़ता

इस पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी विजय हंसारिया ने कहा कि मामले को दो सप्ताह बाद रखा जा सकता है। हंसारिया ने कहा कि उन्होंने भी राजनीति के अपराधीकरण के बारे में चिंताओं के साथ प्रासंगिक निर्णयों और अन्य दस्तावेजों का संकलन किया है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि केंद्र की तरफ से कोई प्रतिनिधि हैं या नहीं। कोर्ट ने ये भी कहा कि हम हर हितधारक की बात सुनने के लिए तैयार हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील को भी सुना।

### कई राज्यों के मुख्य सचिव तलब

सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रमित करने वाले विज्ञापनो के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता को लेकर सोमवार दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों को फटकार लगाई और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का पालन शायद ही कहीं किया गया है। बेंच ने इन राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया और यह स्पष्ट करने को कहा कि वे नियमों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं?

*महाकुंभ के कारण केंद्र में करना पड़ा बदलाव*


## अब प्रयागराज की जगह लखनऊ में होगी 15, 16 फरवरी की गेट परीक्षा

*आईआईटी रुड़की ने जारी की अधिसूचना*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की ने 15 और 16 फरवरी को गेट परीक्षा के केंद्र में बदलाव किया है। यह बदलाव प्रयागराज परीक्षा केंद्र के लिए किया गया है। रुड़की ने गेट परीक्षा के केंद्रों को लखनऊ में बदलने के लिए अधिसूचना जारी की है। महाकुंभ के कारण इन तिथियों पर गेट परीक्षाएं अब लखनऊ में आयोजित की जाएंगी। जो भी उम्मीदवार उपरोक्त तिथि और परीक्षा केंद्र पर परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, उनके लिए संशोधित प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी लखनऊ केंद्र के लिए एडमिट कार्ड की जांच और डाउनलोड कर सकते हैं।

### उधर, कुलकर्णी ने छोड़ा महामंडलेश्वर का पद



पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को बीते दिनों किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाया गया। उन्होंने महाकुंभ मेंपिंडदान किया था। इसके बाद से ही उनकी नियुक्ति पर सवाल उठ रहे थे। सोमवार को उन्होंने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे दिया है।

### अभ्यर्थियों को पहले ही दी थी सूचना


उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि डाउनलोड किए गए एडमिट कार्ड पर सही अपडेट किए गए परीक्षा केंद्र का विवरण दिखाई दे रहा है। रुड़की ने 1 और 2 फरवरी को प्रयागराज में होने वाली परीक्षा केंद्रों में भी बदलाव की घोषणा की।

### मंत्री विज को मिला कारण बताओ नोटिस



**चंडीगढ़।** पिछले दिनों हरियाणा के मंत्री अनिल विज की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को दिए सार्वजनिक बयानों को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। बड़ौली ने कहा- आपने पार्टी अध्यक्ष और सीएम के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। यह गंभीर आरोप है।

## सीएम धामी में संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान संगम में पवित्र स्नान करने के बाद प्रार्थना की।

*केजरीवाल की हार के बीच ममता ने बंगाल को लेकर की भविष्यवाणी*

# हम अपने दम पर हासिल करेंगे दो तिहाई बहुमत

### विधानसभा में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को विधानसभा में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों का अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विधानसभा बजट सत्र से पहले एक आंतरिक बैठक के दौरान ममता ने तृणमूल विधायकों से कहा कि हम अपने दम पर दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आएंगे। कांग्रेस के पास यहां कुछ भी नहीं है। हम अपने दम पर जीत हासिल करेंगे।



### हम अकेले भाजपा को टक्कर देने के लिए काफी

सीएम ममता ने कहा कि अगले साल तृणमूल कांग्रेस दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ सत्ता में वापस आएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बंगाल में भाजपा का मुकाबला करने के लिए तृणमूल कांग्रेस ही काफी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में कांग्रेस की मदद नहीं की और कांग्रेस ने हाल ही में हुए चुनावों के दौरान दिल्ली में आम आदमीं पार्टी की मदद नहीं की।

## पूर्वांचली, भारद्वाज को शिकस्त देने वाली शिखा का नाम आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिए नामों को लेकर मंथन जारी है। दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद किसी महिला विधायक को सौंपा जा सकता है। खबर है कि एक उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। सीएम पद पूर्वांचल से आने वाले किसी नेता को मिल सकता है। इस बीच पूर्वंचली और आप के सौरभ भारद्वाज को हराने वाली शिखा राय का नाम सबसे आगे है। समाज के हर तबके के नेताओं को इसमें शामिल किया जाएगा। भाजपा के नेताओं के मुताबिक इस पर अंतिम सहमति पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद ही बनेगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र)**

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | Tender ID-2025_UAD_401439-1<br>PRo - 556<br>Date - 10/02/2025 | संभाग क्र. 01 गढा त्रिपुरी वार्ड अंतर्गत अरनव बिहार कालोनी मे अभिषेक मेहतो से बसंत तक कांक्रीटिंग कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 2.78 लाख दो माह | 2000/- 2780/- | 25/02/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

जबलपुर
मंगलवार, 11 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -13
■ वर्ष : 19, अंक : 279
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

बाबा महाकाल को अर्पित किया चांदी का मुकुट

## मंदिर समिति ने दानदाता को किया सम्मानित



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को एक भक्त ने भगवान महाकाल को 2 किलो 794 ग्राम वजन का चांदी का मुकुट अर्पित किया। मंदिर समिति ने दानदाता को बाबा महाकाल का प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर में कोल्हापुर निवासी गौरी कैलाश ने पुजारी दिनेश की प्रेरणा से भगवान महाकाल को 2 किलो 794 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट अर्पित किया। इस मुकुट की कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है।

भोपाल को अब तक एक हेरिटेज और झीलों के शहर के रूप में जाना जाता था लेकिन यह समिट इसे एक नए इन्वेस्टमेंट हब और ग्लोबल बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में उभारेगी

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट पर क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने 'हरिभूमि' से कहा

# यह समिट मप्र के भविष्य की आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे की रीढ़ बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल में 24 और 25 फरवरी 2025 को पहली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह समिट न केवल निवेशकों को भोपाल और मध्य प्रदेश में नए अवसरों की ओर आकर्षित करेगी, बल्कि इससे शहर की आर्थिक, औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ को भी नई दिशा मिलेगी। यह बात रियल एस्टेट के क्षेत्र में जुटे डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कही। मीक के अनुसार राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में से भोपाल को एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



## 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे

मीक ने कहा कि जब देश-विदेश के 2000 से अधिक निवेशक और उद्योगपति भोपाल आएंगे, तो यह न केवल प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देगा बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप और स्थानीय व्यापार के लिए भी नए अवसर खोलेगा। अनुमान है कि इससे 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो सकते हैं। इसके अलावा भोपाल में हाई-राइज कॉरिडोर, कमर्शियल हब, किफायती हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और स्मार्ट ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के विकास को गति मिलेगी। इससे शहर की भूमि और संपत्ति की कीमतों में भी वृद्धि होगी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूती मिलेगी।

### आधुनिक इंडस्ट्रियल जोन विकसित हो

मीक ने राजधानी के बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भोपाल में हवाई, रेल और सड़क कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स पार्क, और आधुनिक इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने की जरूरत है। इसके अलावा सरकार को इस समिट के जरिए आने वाले निवेश को तेज मंजूरी, टैक्स इंसेंटिव और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देकर निवेश को सुगम बनाना होगा। यह जरूरी है कि इस समिट के जरिए बड़े निवेश केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक सीमित न रहें, बल्कि स्थानीय व्यवसायों और स्टार्टअप्स को भी पर्याप्त अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि यह इन्वेस्टर समिट भोपाल के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे इसे स्मार्ट, औद्योगिक और निवेश-अनुकूल शहर के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

इंपैक्ट फीचर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आपको यमुना मैया का श्राप लगा है: एलजी




**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को मिली हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को एलजी वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बातचीत में एलजी ने कहा कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने आतिशी से यह भी कहा कि मैंने आपके बॉस केजरीवाल को यमुना के श्राप के बारे में चेतावनी दी थी।

### तिरुपति लड्डू में मिलावट 4 न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली।** तिरुपति की एक अदालत ने सोमवार को उन चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिन्हें श्री वेंकटेश्वरा स्वामी मंदिर में चढ़ाए गए प्रसाद लड्डू में मिलावट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों में विपिन जैन और पविल जैन भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक हैं। अपूर्वा चौड़ा, जो वैश्नवी डेयरी से हैं।

### अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सोमवार सुबह उतरे एक अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिला है, जिसके बाद अधिकारियों ने विमान की तलाशी ली। अधिकारी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## इस बार 3.30 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, 20.71 लाख से अधिक शिक्षक और 5.51 लाख से ज्यादा अभिभावकों ने भी अपना पंजीकरण कराया

'परीक्षा पे चर्चा' में पीएम मोदी की स्कूली बच्चों को सीख, तनाव से दो-दो हाथ करने का मंत्र दिया

# लीडर को टीम वर्क सीखना जरूरी ये सिद्धांत बनाएं जहां कम वहां हम

प्रधानमंत्री मोदी से सीधी बातचीत करने के लिए सभी राज्यों से 36 छात्रों का चयन किया गया

इस बार पीएम मोदी के साथ पहली बार सद्गुरु, मैरी कॉम, दीपिका पादुकोण, अवनि लेखरा, रुजुता दिवेकर, सोनाली सभरवाल, फूडफॉर्मर, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर, टेक्निकल गुरुजी और राधिका गुप्ता जैसी हस्तियां भी शामिल होंगी।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान स्कूली बच्चों को नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। गंभीर मुद्दों को बड़ी सरलता और सहजता से समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लीडर के लिए टीम वर्क सीखना बहुत जरूरी है। ये सिद्धांत बनाएं जहां कम वहां हम। आपके व्यवहार से लोग आपको लीडर के तौर पर स्वीकार करेंगे। पीएम मोदी छात्रों से बातचीत में कहा कि मॉनिटर कहे कि आप समय पर आइए, फिर मैं आऊंगा, तो? उसे खुद वक्त पर आना होगा, उसे होमवर्क करना होगा। उसे सभी की मदद करनी होगी, कठिनाइयां समझनी होंगी, देखभाल करनी होगी।

### आपको खुद से प्रतिस्पर्धा करना चाहिए ऐसा करके आप खुद को आगे बढ़ा सकेंगे

### यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम की सुंदर नर्सरी में हुआ

पीएम मोदी ने अभिभावकों को भी कुछ टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे की दिलचस्पी किसमें है?



पीएम मोदी बच्चों से चर्चा करते हुए

### पीएम मोदी ने छात्रों से पूछा- क्या खाना चाहिए

मोदी ने बच्चों को खाने-पीने के बारे में अहम टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने भोजन को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए, कम से कम 32 बार।

### छात्रों के साथ पीएम मोदी ने लगाया पेड़

पीएम मोदी में परीक्षा पे चर्चा में शामिल हुए छात्रों के साथ सुंदर नर्सरी में पेड़ भी लगाया। पीएम मोदी ने कहा जैसे ये पेड़ लगाया है, पानी पिलाने का उपाय क्या है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़ के बगल में एक मिट्टी का मटका लगा देना चाहिए और उसमें एक महीने में पानी डालना चाहिए। इससे पेड़ की ग्रोथ कम पानी से भी होगी।

### आपको अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को चुनौतियों से लड़ने का मंत्र भी दिया। बोले कि आपके अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा। मान लीजिए, अगर पिछली बार आपके 30 अंक आए थे, तो आपको इस बार कोशिश करनी चाहिए कि आप इस बार 35 अंक लेकर आए। ऐसा करके आपको अपने लक्ष्य की सीमा को बढ़ाना चाहिए।

### खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए

खुद को मोटिवेट करने के लिए गोल्स बनाइए। उन्हें हासिल कर लेने के बाद खुद को रिवॉर्ड दें। स्कूल में या जीवन में सफलता और असफलता के बीच अंतर को समझना जरूरी है।

पीएम मोदी पेरिस पहुंचे




# पेरिस में मोदी- मोदी के लगे नारे, भव्य स्वागत

राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एलिस पैलेस में डिनर किया

मोदी और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस और अमेरिका की यात्रा सोमवार से शुरू हो गई है। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के साथ रक्षा सहयोग और व्यापार साझेदारी को बढ़ाना है।

पीएम मोदी पहले फ्रांस में 10 से 12 फरवरी तक रहेंगे और उसके बाद अमेरिका जाएंगे, जहां वह 12 से 14 फरवरी तक रुकेंगे। सबसे पहले पीएम पेरिस पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया और मोदी-मोदी के नारे लगे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एलिस पैलेस में डिनर किया। इस मौके पर कई बड़ी तकनीकी कंपनियों के सीईओ मौजूद रहे। मंगलवार को, पीएम और राष्ट्रपति मैक्रों एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस समिट में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है।

### डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

12 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाएंगे, जहां वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरे के दौरान, पीएम मोदी अमेरिकी बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब अमेरिका ने हाल ही में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया है। यह मोदी और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी। इनकी पहली मुलाकात 26 जून 2017 को वॉशिंगटन में हुई थी, जबकि सातवीं मुलाकात 24-25 फरवरी 2020 को अहमदाबाद में हुई थी।

डबरा में तेज रफ्तार का कहर

# कार ने दादी-पोते को कुचला दोनों की मौत, बच्ची गंभीर



टक्कर से महिला सड़क पर दूर जा गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबरा

ग्वालियर जिले के डबरा में सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार ने दादी समेत पोते-पोती को कुचल दिया। दादी और 5 साल के पोते की मौके पर मौत हो गई, जबकि 8 साल की पोती को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा एनएच-44 पर मॉडल स्कूल के सामने सिंध पुल के पास हुआ। महिला सुबह करीब 7 बजे अपने पोते-पोती को ट्यूशन से लेने गई थी। सड़क पार करते समय कार ने टक्कर मार दी। 5 साल के बच्चे ने तो अस्पताल का पता पूछने के दौरान दम तोड़ा। जानकारी के मुताबिक विमला जाटव (55) पत्नी मुरारी वार्ड क्रमांक 28 की रहने वाली थी।



## बेंगलुरु में एशिया का सबसे बड़ा एयर शो

### हवा में 360 डिग्री घूमा तेजस, सुखोई ने दिखाए करतब, सूर्य किरण से निकले 3 रंग

**बेंगलुरु।** एशिया के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है, जो 14 फरवरी तक चलेगा। शो में तेजस मार्क 1 ए विमान ने हवा में 360 डिग्री पर चक्कर लगाया। सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायु सेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे। शो के पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे। इसमें पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट भी शामिल किए गए हैं। अमेरिकी एयरफोर्स ने अपने पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट एफ-35 को और रूस ने अपने सुखोई-एसयू-57 को बेंगलुरु के एयर शो में प्रदर्शन के लिए भेजा है।

फरवरी के तीसरे सप्ताह की शुरुआत होगी गर्म

# अब चार दिन की सर्दी फिर बढ़ने लगेगी गर्मी



तेज धूप रही, छोटे तालाब का दृश्य

**भोपाल।** प्रदेश के अधिकांश जिलों में अब तेज सर्दी चार दिन की ही बची है। इसके बाद गुलाबी सर्दी का दौर मार्च तक चलेगा। बीते दो दिन से तापमान में लगातार हो रही बढ़त अभी जारी रहेगी। इससे 15 फरवरी के बाद से गर्मी का अहसास होने लगेगा। 10 साल में हर बार 15 फरवरी के बाद ही तापमान में बढ़त रही है, जो इस साल भी होगी। इस साल तापमान में बढ़त पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक रहने का अनुमान है।

» भोपाल में 10 साल में हमेशा 15 फरवरी के बाद तेज सर्दी लेती रही विदाई

हद है

ओएचई की हाइट बढ़ाकर गलत मालगाड़ी को वापस भुसावल के लिए रवाना किया

# 147 किमी गलत ट्रैक पर दौड़ती रही डबल डेकर ट्रेन 18 स्टेशन गुजरे, कर्मचारियों ने हरी झंडी भी दिखा दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा/भोपाल

सेंट्रल रेलवे के खंडवा स्टेशन से रवाना हुई डबल डेकर मालगाड़ी रविवार को रास्ता भटक गई और कुल 147 किमी गलत ट्रैक पर दौड़ने के बाद खंडवा यार्ड तक पहुंच गई। इस बीच मालगाड़ी 18 स्टेशनों से गुजरी, लेकिन किसी ने नोटिस नहीं किया, उसे रवाना भी कर दिया। खंडवा रेलवे स्टेशन से रवाना हुई डबल डेकर मालगाड़ी थोड़ी दूर चलने के बाद रास्ता भटक गई।

खंडवा यार्ड तक पहुंचते ही यहां लगे ओएचई से डबल डेकर मालगाड़ी टकरा गई, जिसके बाद ओएचई में इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद हो गई

### रेलवे कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई



गौरतलब है मालगाड़ी के लिए रेलवे ट्रैक पर अलग ट्रैक बना हुआ है, बावजूद इसके मालगाड़ी को 18 रेलवे स्टेशनों पर हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना कर दिया गया, लेकिन खंडवा यार्ड तक पहुंचते ही यहां लगे ओएचई से डबल डेकर मालगाड़ी टकरा गई, जिसके बाद ओएचई में इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद हो गई, जिससे हादसा टल गया।

### मालगाड़ी में रखी थीं नई चमचमाती 264 एसयूवी गाड़ियां

डबल डेकर में 264 एसयूवी गाड़िया रखी थी। अगर मालगाड़ी की किसी ट्रेन से टक्कर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था, जिससे मालगाड़ी और रेलवे दोनों को बड़ा नुकसान होता। रेलवे ने कड़ी मशक्कत कर ओएचई की हाइट बढ़ाकर गलत ट्रैक पर आई मालगाड़ी को वापस भुसावल के लिए रवाना कर दिया है।



कटनी में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

### 3 डिब्बे उतरे, कई ट्रेनें प्रभावित

**कटनी।** कटनी से रेल हादसे की खबर सामने आई है। यहां पर कटनी स्टेशन से मुड़वारा की ओर जा रही मालगाड़ी के तीन डब्बे पटरी से उतर गए हैं। इस वजह से अन्य ट्रेनों के आवागमन पर असर पड़ा है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर अधिकारी पहुंचे हैं और जायजा ले रहे हैं। मालगाड़ी के डिब्बों के डिरेल होने से जबलपुर कटनी रेल मार्ग बाधित हो गया है।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

### 63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी का मामला

# इस बार भी हुआ धान खरीदी में व्यापक फर्जीवाड़ा

## बाहर के मिलरों ने नहीं उठाई धान, दलालों को बेचा

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में शायद ही ऐसा कोई वर्ष निकला हो जहां पर धान खरीदी को लेकर फर्जीवाड़ा न हुआ हो। अनेक किसान तो ऐसे हैं जिन्हें बीते वर्षो खरीदी केन्द्रों में बेची धान का पूरा पैसा नहीं मिल पाया है। इसके बाद भी हर साल यहां पर धान खरीदी में व्यापक फर्जीवाड़ा हो रहा है। दरअसल वर्ष 24-25 के लिए हुई धान खरीदी 23 जनवरी बंद हो गई है। इसके बाद धान का फर्जीवाड़ा उजागर होने लगा है। पहले कालाडूमर 71 सौ क्विंटल धान का मामला थमा नहीं था कि कटंगी में 58 सौ क्विंटल फर्जी धान भुगतान का मामला सामने आ गया। इसके बाद 63 सौ क्विंटल फर्जी खरीदी मझौली के मॉं रेवा वेयर हाउस में हो गई। इतना ही नहीं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्वयं स्वीकार किया कि जिले के 8-10 वेयर हाउस में धान खरीदी में फर्जीवाड़ा किया गया है। जबकि भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने तो धान का फर्जीवाड़ा होने पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग कर डाली।

हरिभूमि फालोअप


हरिभूमि
▸ 63 सौ क्विंटल फर्जी धान घोटाला...
▸ अधिकारियों ने साधी चुप्पी
मां रेवा वेयरहाउस मझौली में एक दूसरे पर फोड़ रहे ठीकरा
कलेक्टर के आदेश की सरेआम उड़ी धज्जियां
63 सौ क्विंटल फर्जी धान डकार गया मॉं रेवा वेयरहाउस

### ये लिखा है, विधायक ने पत्र में

भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि कृपया अवगत हो कि दिसम्बर-2024 एवं जनवरी-2025 में जबलपुर जिले में धान उपार्जन के दौरान जबलपुर जिले के बाहर, ग्वालियर, मुरैना, उज्जैन, मनेरी के राईस मिलर्स को R.O. जारी किये गये। जिलें के बाहर के इन मिलर्स ने धान उठाने की बजाए R.O. स्थानीय दलालों को बेच दिया। जबलपुर जिले के बाहर के जिन मिलर्स ने धान के R.O. जारी कराये है और धान खरीदना बताया है। (जबलपुर जिले के बाहर के मिलरर्स की सूची जिन्होंने जबलपुर से धान R.O. के माध्यम से उठाना बताया है, संलग्न हैं।) तत्काल उनके मिलों पर छापा मार कर जांच करायी जाये कि उनके स्थान पर जबलपुर की धान पहुँची या नहीं पहुँची। उनकी राईस मिल चली या नहीं। बिजली का बिल कितना आया? अनुरोध है कि उचित कार्यवाही करके भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही की जायें।

### क्या 5 लाख क्विंटल का खेल

जिले में कहा जा रहा था कि इस बार धान खरीदी को लेकर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, परंतु जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने पत्र लिखा और जो खरीदी केन्द्रों का जो फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है, उससे तो यही प्रतीत होता है कि इस बार भी लगभग 5 लाख क्विंटल धान का फर्जीवाड़ा हुआ है। परंतु इसमें सच्चाई कितनी है, और जिला उपार्जन समिति किसे बचाना चाह रही है, यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है। यह भी कहा जा रहा है कि खाद्य, नान और वेयर हाउस के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से इतना बड़ा फर्जीवाड़ा हो पाया।

### खाद्य और वेयरहाउस ने 2 लाख रूपये में कराई थी मेंपिग

सूत्रों का कहना है कि धान खरीदी को लेकर हुई वेयर हाउस की मेंपिग भी बड़ा खेल खेला गया है, खाद्य विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी और वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारी ने कलेक्टर को गुमराह करते हुए 2-2 लाख रूपये लेकर मेंपिग की थी। इसी का परिणाम है कि इतनी बड़ी संख्या में धान का फर्जीवाड़ा हुआ है। कलेक्टर इसकी सूक्ष्मता से जांच करते हैं तो वह जिम्मेदार जरूर इस पूरे प्रकरण में लपेटे में आएगें।

*60 साल बाद श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा की मौजूदगी, इस शुभ दिन व्रत और विधिपूर्वक भगवान शिव की आराधना की जाती है*

## 26 को मनेगी महाशिवरात्रि
## 20 जगहों से निकलेगी शिव बारात



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को अनेक दिव्य योग बन रहे हैं। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के पवित्र त्योहारों में से एक है। इस शुभ दिन पर शिवभक्त व्रत और विधि पूर्वक भगवान शिव की आराधना करते हैं। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि के लिए फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11:08 बजे से लेकर 27 फरवरी को सुबह 08:54 बजे तक है। इस बार उदया तिथि और पूजा मुहूर्त दोनों को देखा जाए तो महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। उस दिन ही महाशिवरात्रि का व्रत और पूजन होगा।

# प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में



तेजी लायें। इसके साथ ही कहा कि मांग क्लोजर व फोर्स क्लोजर करने की लास्ट डेट 14 फरवरी है।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। बैठक में अनुपस्थिति पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता व महत्वपूर्ण मामलों के साथ प्रकरणों के निराकरण के लिए लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अतः सभी अधिकारी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वाहन करें।

### इंडिगो एयरलाईन्स करेगी भोपाल के लिए उड़ान प्रारंभ

**जबलपुर।** जबलपुर में डुमना विमानतल का विस्तार होने के बाद यहां से सभी प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवा प्रारंभ होने के आसार बड़े थे लेकिन हुआ इसके विपरीत, धीरे धीरे फ्लाईटें कम होती गई। इस बीच विभिन्न संगठनों, मीडिया और जनप्रतिनिधियों के साथ साथ हाईकोर्ट में याचिका दायर होने पर सभी तरह के प्रयासों का असर यह हुआ कि निजी विमानन कंपनियों को जबलपुर से उड़ाने शुरु करने के लिए गंभीरता से विचार करना पड़ा। इसी क्रम में इंडिगो एयरलाईन ने जबलपुर से भोपाल फ्लाईट शुरु करने की पहल की है और इसके लिए शेडयूल भी जारी कर दिया। नागरिक उपभोक्त मार्गदर्शक मंच ने जबलपुर के विकास के लिए ऐसी एक जुटता उठाने के लिए आव्हान किया।

# भोपाल रुट की फ्लाईट पुणे तक बढ़ाई जाए

## वायु सेवा संघर्ष समिति ने रखी मांग

जबलपुर।

वायु सेवा संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर ने जबलपुर भोपाल वायु मार्ग की प्रस्तावित इंडिगो फ्लाइट जो कि हफ्ते में तीन दिन संचालित होगी का स्वागत किया है एवं इंडिगो प्रबंधन को इस प्रयास हेतु धन्यवाद दिया है। एक जानकारी में उड़ान जबलपुर के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया की जबलपुर को प्रथम दृष्टि में पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई आदि शहरों से जोड़ने की आवश्यकता है क्योंकि उक्त वायु मार्ग पर यात्रियों की बड़ी संख्या है तथा एयरलाइन कंपनियों के लिए भी यह मार्ग बेहद लाभदायक सिद्ध



होंगे। उन्होंने कहा कि यदि जबलपुर भोपाल रूट का किराया नागरिकों के बजट में रहे तो यहां से फ्लायर्स की संख्या बढ़ेगी।

उड़ान जबलपुर समिति के मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, बलदीप मैनी, जितेंद्र पचौरी, प्रीती चौधरी ने बताया कि यदि यात्री किराया ज्यादा रखा जाएगा तो यात्री कम मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जबलपुर भोपाल रूट की फ्लाइट को यदि संभव हो तो पुणे तक बढ़ाया जाए तो यहां के नागरिकों की बड़ी पुरानी मांग की पूर्ति होगी। वायु सेवा संघर्ष समिति के आई के खन्ना, अरुण पवार, सोहन परोहा आदि ने इंडिगो प्रबंधन से आग्रह किया है कि वह जबलपुर भोपाल फ्लाइट को भविष्य में पुणे तक बढ़ाने का प्रयास करें। तात्कालिक तौर पर जबलपुर भोपाल फ्लाइट के समय को ऐसा निर्धारित किया जाए जिससे भोपाल से पुणे तक की कनेक्टेड फ्लाइट मिल सके।

### उपभोक्ता हितों पर प्रश्नचिन्ह, सीएम को पत्र भेज विरोध जताया

# अध्यक्ष विहीन आयोग कर रहा विद्युत दरों पर जनसुनवाई

**जबलपुर।** बिजली कंपनियों द्वारा इस वर्ष 7.6 प्रतिशत से भारी भरकम बिजली के रेट बढ़ाने के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग 11 फरवरी से जनसुनवाई शुरु कर रहा है जबकि 3 जनवरी से यह आयोग अध्यक्ष विहीन है। मप्र शासन द्वारा पिछले डेढ़ माह से इस पद पर कोई नियुक्ति नहीं करने से वर्तमान के अध्यक्ष विहीन आयोग की बिजली के रेट निर्धारण की प्रक्रिया करना उचित नहीं है। इससे उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण होगा, यह बिन्दु संशयास्पद बन गया है। आयोग को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 61 (डी) का प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं के



हितों का सरंक्षण कर बिजली दर निर्धारण करना है, जो अध्यक्ष के अनुपस्थिति में संभव नहीं है। यह विरोध पत्र आज के बाद उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने मुख्यमंत्री को भेजा है। पत्र में बताया है कि आयोग ने 11 फरवरी को इंदौर में, 13 फरवरी को जबलपुर में, तथा 14 फरवरी को भोपाल में आयोजित करने का नोटिफिकेशन 31 दिसंबर 2024 को जारी किया है। 3 जनवरी को आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष की कार्य अवधि समाप्त होने के बावजूद भी मप्र शासन ने इस पद पर नियुक्ति करने बावत कोई गंभीरत नहीं दिखाई है।

जनसंगठनों के रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, सुभाषचंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, आदियों ने जनसुनवाई का बहिष्कार कर अपना विरोध दर्शाया है।

### परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर बच्चें, माता पिता का नाम रोशन करें : रोहाणी

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान सोमवार को शासकीय कन्या शाला सीएम राइज स्कूल रांझी में सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी बच्चों के बीच में उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम को आत्मसात करके अपने विचार एवं व्यवहार में अमल में लाना होगा, तभी हम अच्छे नंबरों से परीक्षा उर्तीण कर अपने माता पिता और विद्यालय के साथ साथ शहर का नाम भी रोशन कर सकेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी शिक्षक सहित जी पी झरिया प्राचार्य, सचिन जैन सहारा दामोदर सोनी पुष्पराज सेंगर ,अनुराग दहिया, निशांत झरिया, दशरथ रजक ,रामहरक पाल, राजेश अहिरवार, पप्पू सोनकर सहित सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने ज्ञानाश्रय में पढ़ाया करंट अफेयर्स

**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट साइबर स्कैम का सबसे नवीन रूप है, जिसमें वर्ष 2024 में 92 हजार से अधिक भारतीय प्रभावित हुए हैं, इसमें टैक्स या कानूनी देनदारी का समाधान करने के लिए स्कैमर द्वारा व्यक्तियों को गुमराह करके ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से ठगी की जाती है। इस घोटाले में साइबर अपराधी विधि प्रवर्तन अधिकारियों या सरकारी एजेंसियों जैसे राज्य पुलिस, सीबीआई, ईडी और नारकोटिक्स ब्यूरो की नकली पहचान बनाकर आम लोगों से ठगी करते हैं। साइबर स्कैन के विभिन्न प्रकार हैं जिनमें शामिल है फिशिंग स्कैम, लॉटरी और पुरस्कार स्कैम, भावनात्मक हेर फेर स्कैम, जॉब स्कैम, निवेश स्कैम, कैश ऑन डिलीवरी स्कैम, फेक चैरिटी अपील स्कैम, गलत तरीके से धन हस्तांतरण स्कैम, क्रेडिट कार्ड स्कैम आदि।उन्होंने करंट अफेयर्स के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में श्री संजय मूर्ति को भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है। वह गिरीश चंद्र मुर्मू की जगह लेंगे, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के अनुसार भारत का कैग भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग का प्रमुख होता है। वह सार्वजनिक निधि की सुरक्षा और केंद्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर वित्तीय प्रणाली की देखरेख के लिए जिम्मेदार होता है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा अपने हस्ताक्षर और मोहर सहित एक अधिकार पत्र द्वारा की जाती है। कैग 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर कार्य करता है।

आयुक्त अभय वर्मा ने बताया कि हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के स्थान पर मत पत्र को पुनः लागू करने की मांग की गई थी। ईवीएम संसद,राज्य विधान मंडल और पंचायत एवं नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के उद्देश्य से पोर्टेबल उपकरण है। यह एक माइक्रोकंट्रोलर आधारित उपकरण हैं और इसे एकल पोस्ट तथा एकल वोट के लिए डिजाइन किया गया है।

# छह माह के कशान को मिला स्माईल ट्रेन योजना का लाभ

जबलपुर।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की स्माईल ट्रेन योजना से छह माह के कशान अहमद के कटे फटे होंठ की सफल सर्जरी गत दिवस संपन्न हुई। कशान के होठों की सर्जरी का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के अनुसार चांदनी चौक, हनुमानताल निवासी तनवीर अहमद का पुत्र कशान बचपन से ही कटे-फटे होंठ से पीड़ति था। चांदनी चौक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुँची डॉ अंजुम अख्तर और डॉ सौरभ चौरसिया को इसकी जानकारी मिलने पर स्माईल ट्रेन



योजना से उसके कटे-फटे होंठ की सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। कशान के कटे-फटे होंठ की सर्जरी घमापुर स्थित दुबे सर्जिकल हॉस्पिटल में 8 फरवरी को की गई।

### केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री से भेंट कर सौंपा मांग पत्र

# जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण हो : सांसद

जबलपुर।

जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण का आग्रह किया है।श्री दुबे ने नई दिल्ली में डॉ. मांडविया से भेंट कर इस आशय का पत्र भी सौंपा। पत्र में सांसद श्री आशीष दुबे ने विभिन्न तथ्यों को उल्लेखित करते हुए केन्द्रीय खेल मंत्री श्री मंडाविया को बताया कि जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण क्यों आवश्यक है।

सांसद श्री दुबे ने केंद्रीय मंत्री डॉ.मंडाविया को सौंपे गए पत्र में कहा कि जबलपुर मध्यप्रदेश का प्रमुख नगर है जहां अनेक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय स्थापित हैं। ट्रिपल आईटी डीएम भी यहां स्थापित है और शिक्षा का प्रमुख केन्द्र होने के साथ-साथ रक्षा विभाग का भी प्रमुख केंद्र है। जबलपुर में रक्षा विभाग के विभिन्न संस्थान भी स्थापित हैं।सांसद श्री दुबे ने केन्द्रीय खेल मंत्री को बताया कि विभिन्न खेलों के लिए जबलपुर में बहुत अनुकूल वातावरण है और अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जबलपुर से निकलकर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुके हैं। यहां के युवाओं का खेलों के प्रति रुझान और आकर्षण ज्यादा होने के बावजूद जबलपुर में खेलों के संसाधन सीमित हैं जिस कारण खिलाडिय़ों की प्रतिभा को वह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान नहीं मिल पाती जो मिलना चाहिए।



सांसद श्री आशीष दुबे ने केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया से कहा कि इन विभिन्न तथ्यों के तारतम्य में जबलपुर में एक अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण की महती आवश्यकता है जिसके निर्माण से महाकौशल सहित मध्य भारत के अनेक जिलों को लाभ मिलेगा।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण और संचालन से नगर में रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ-साथ पर्यटन में भी वृद्धि होगी जिससे स्थानीय व्यवसाईयों को लाभ मिलेगा वहीं नगर की व्यापारिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से

नगर में खेलों को बढ़ावा मिलेगा जिससे युवाओं की खेलों में रुचि भी बढ़ेगी और उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से नगर में बड़ी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा साथ ही जबलपुर की आधुनिक और विकसित शहर के रूप में नई पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण से नगर की सड़कें, पार्किंग सहित बुनियादी ढांचे पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा वहीं नगर विकास को भी गति मिलेगी जिससे जबलपुर को और विकसित और समृद्ध बनाया जा सकेगा।

### बहोरीबंद विधायक प्रणय ने बांटी खिचड़ी, पोहा दूध

# महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को खाना पानी बांट रहे विधायक और समाजसेवी






हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

महाकुंभ में आस्था की डूबकी लगाने देश को कोने कोने से प्रयागराज जा रहे हजारों श्रद्धालुओं के जाम में फस जाने के कारण एन एच 30 मोहतरा टोल प्लाजा एंव धनगंवा में दोनों विधानसभा के विधायकों के अलावा समाज सेवीयों ने भी आगे आकर खाना पानी दूध बिस्किट बांटकर फंसे यात्रियों को राहत प्रदान की। इस पुण्य कार्य को करते करते लोगों को कोरोना काल याद आ गया तब इसी तरह लोग अपने घरों को जा रहे थे और नगर के लोगों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए जगह जगह खाना पानी वितरित किया था।

### बहोरीबंद विधायक प्रणय ने बांटा खिचड़ी, पोहा दूध

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे का निवास चुकी सिहोरा में है इसलिए उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि में ही जाम में फंसे बच्चों के लिए दूध,पोहा, बिस्किट की व्यवस्था की एंव दिन में खिचड़ी पानी का वितरण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस पुण्य कार्य में राजा मोर, माधव मिश्रा, राजकुमार विश्वकर्मा, अभिषेक चीकू तिवारी, आशीष सरदार, ब्रजेश सिंह बैंस, गुड्डु नामदेव, आयूष दुआ, आयूष सेठी, पदमाकर तिवारी, रामजी पंजाबी, यश मग्घी आदि ने भी सहयोग किया।

### विधायक बडकडे भी सेवा में पीछे नहीं

सिहोरा विधायक संतोष बरकडे को जैसे ही मोहतरा टोल प्लाजा में महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के भीषण जाम में फंसे होने की जानकारी लगी उन्होंने तत्काल ही पहुंचकर टीम के साथ पानी बिस्किट आदि का वितरण कराया और बच्चों बड़ों को राहत प्रदान की। इस अवसर पर राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी, सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया, वीशू जैन आदि उपस्थित थे।

### आशा जनसेवा समिति धनगंवा

सेवा के लिए हमेशा अग्रसर रहने वाली आशा जनसेवा समिति के संचालक समाजसेवी विनय असाटी ने महाकुंभ जा रहे हजारों तीर्थ यात्रियों के धनगंवा के पास हाइवे में रात्रि में जाम में फंसे होने की जानकारी मिलने पर वाहनों में परेशान हो रहे लोगों की मदद करने के उद्देश्य से पानी, खिचड़ी का वितरण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन की युगलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला माना

# आयोग ने जनहित के मामलों में संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने जनहित के मामलों में संज्ञान लेकर संबंधितो को जांच का निर्देश देकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तलब किया है। क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में मामलो की सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन की युगलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला माना।




### दस्ताने न होने के कारण चार बार टाला मरीज का ऑपरेशन

मेडिकल अस्पताल के वार्ड क्रं 27 में दोनों पैरों से फ्रैक्चर हुये एक युवक को इलाज के लिये भर्ती कराया गया, जहां मरीज का ग्लव्स (दस्ताने) के बिना ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है, जबकि अस्पताल द्वारा मरीज को चार बार तारीख दी जा चुकी है। आयोग ने जबलपुर के एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### अपराधियों का अड्डा बना उद्यान

गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायण नगर उद्यान में अज्ञात बदमाशों द्वारा उद्यान में घूमने आने वाले आम लोगों के साथ चाकूबाजी करने और अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। उद्यान में आपराधिक तत्वों का आंतक बढ़ता जा रहा है, इस कारण उद्यान में सुबह-शाम के समय टहलने आने वाले बुजुर्गों, बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। बदमाशों द्वारा आये दिन लोगों के साथ अड़ीबाजी एवं चाकूबाजी की जा रही है, जिसके चलते वहां आने वाले लोग डर एवं भय के साये में ठहलता पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### वाशिंग सेंटर बन गई सड़कें

शहर की अधिकांश सड़कों पर वॉशिंग सेंटरों के मैकेनिक द्वारा मनमानी तरीके से सड़कों पर दो एवं चार पहिया वाहन धोने का मामला सामने आया है। सड़कों से निकलने वाले वाहन चालकों पर वाशिंग सेंटर का पानी जाता है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं दर्जनों राहगीर पानी की वजह से गीले हो जाते है। शहरों में संचालित होने वाले सर्विस सेंटर एवं वॉशिंग प्वॉइंट जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा न ही ध्यान दिया जा रहा है, और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। आयोग ने जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, घरेलु उपयोग के लिये उपलब्ध जल के दुरुपयोग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र को हॉस्टल में नहीं मिल रहा कमरा, कलेक्ट्रेट में चार महीनों से काट रहे चक्कर

शहर में रहकर पढ़ाई कर रहे दो दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित राज्य नि शक्त जन कल्याण संस्थान छात्रावास में कमरे उपलब्ध नहीं किये जाने का मामला सामने आया है। दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रों ने छात्रावास में कमरे उपलब्ध कराने का आवेदन दिया था, लेकिन अब तक उन्हें कमरे उपलब्ध नहीं हो पाये है। इस संबंध में दोनों दिव्यांग छात्र विगत चार महीनों से चक्कर काट रहे है। जिससे उन्हें कॉलेज जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।


# अभिव्यक्ति के कार्यक्रम में श्रीमती जैन की पांच कृतियों का विमोचन



**सिहोरा।** अभिव्यक्ति सिहोरा के गरिमामय आयोजन में श्रीमती आशा निर्मल जैन के द्वारा विविध विधाओं में लिखी गयी पाँच कृतियों इन्द्रधनुषी आशा, नवप्रभात की आशा किरणें, निर्मल आशा, आशा के निर्मल गीत, आशा के निर्मल दोहे का विमोचन कार्यक्रम हर्ष रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। आयोजन अध्यक्ष अश्वनी पाठक ने कहा कि किसी रचनाकार की पाँच पुस्तकों का एक साथ विमोचन होना इस नगर में प्रथम बार हुआ है जो कि अविस्मरणीय है। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी ने साहित्य और साहित्यकार के महत्व पर अपनी बात कही। डॉ. कौशल दुबे, कमलेश जैन, विजय बागरी विजय, अनिल मिश्र,चंदन श्रीवास्तव चंदन आदि मंचासीन अतिथियों ने भी विचार रखे। मैत्री जैन ने सरस्वती वंदना और कथान्शी जैन ने णमोकार मंत्र तथा जैन महिला परिषद की सदस्यों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पाँचो कृतियों का परिचय दीपिका जैन,मुकेश त्रिपाठी, नारायण तिवारी और डॉ. अरुणा पाण्डे द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अभिव्यक्ति सिहोरा के सदस्यों सुशील जैन,आशा अवस्थी,आशुतोष तिवारी, इन्द्र सिंह राजपूत, लखन डेहरिया, जितेंद्र पटवा नीरस, सुषमा खरे, शरद जायसवाल, रमाकांत पाठक, श्वेता त्रिपाठी, विनीता तिवारी, आदि उपस्थित थे।

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रचार प्रसार के लिए टीम गठित

जबलपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल रोटे अमित जयसवाल (25-26) द्वारा असिस्टेंट गवर्नर रोटे अंकुर माहेश्वरी की अनुशंसा पर रोटरी क्लब संस्कारधानी के पूर्व अध्यक्ष रोटे नितिन जैन डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमेन नियुक्त किया गया है। उनका कार्य क्षेत्र मप्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा रहेगा। साथ ही मीडिया को- चेयरमैन के पद पर रोटे मनोज रॉय, रोटे संगीता चंद, रोटे पंकज माहेश्वरी, नरिंदर सिंह छाबड़ा, सुनील कायल, संजय दुबे को नियुक्त किया गया है। सभी नवीन पदाधिकारी रोटरी वर्ष 25-26 में संपूर्ण रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रचार प्रसार के कार्य का निर्वहन करेगे।





### रात के अंधेरे में शुरु होता है किस्ती से रेत निकालने का खेल

# नहीं थम रहा अवैध रेत का उत्खनन

### शासन को रोज लाखों रुपये की लायल्टी का हो रहा नुक़सान



**सिहोरा।** नगर की जीवन दायिनी कहलाने वाली हिरन नदी इन दिनों अपने अस्तित्व को खोती जा रही है।रेत माफिया कहीं किस्ती से तो कहीं हाई-फाई डिवाइस लगाकर नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं और प्रशासन हाथ हाथ पर हाथ धरे बैठा है। नदी से बड़े पैमाने पर रोजाना रेत के अंधेरे में अवैध तरीके से रेत के उत्खनन का खेल जोर शोर से लगातार जारी है। अवैध रूप से चल रहे इस खनन के कार्य से जहां शासन को लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी अच्छा खासा नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही हिरन नदी के अस्तित्व पर भी खतरा गहराता जा रहा है ।

### आधा दर्जन घाटों से हो रहा अवैध उत्खनन

गौरतलब है कि सिहोरा में कन्हाई देवरी एक मात्र स्वीकृत घाट है लेकिन खनिज एवं राजस्व विभाग की चुप्पी के चलते तहसील की राजस्व सीमा क्षेत्र से जहां जहां से हिरन नदी गुजरती है वहां के लगभग आधा दर्जन से अधिक घाटों से रेत माफिया रेत खनन कर रहे हैं। रेत माफिया तो अन्डरग्राउन्ड रहते हैं लेकिन उनके गुर्गे बिना रॉयल्टी के किस्ती से नदी की रेत निकालने में लगे हुए हैं विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस की चुप्पी के चलते अवैध रेत कारोबारी के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं। बताया जाता है कि रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से रेत निकाल कर किनारे पर एकत्रित कर ली जाती है फिर रात के अंधेरे में परिवहन कर गांव एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में 5 हजार से 6 हजार प्रति ट्राली के हिसाब से बेच रहे हैं।

### फसलों को हो रहा नुकसान

नदी किनारे लगी फसलों के ऊपर रेत के ढेर लगा देते हैं। नदी किनारे सब्जी की खेती करने वालों ने बताया की रेत निकालने वाले इतनी मनमानी करते है कि उनकी नदी किनारे बोई गई फसल पर रेत रख देते है मना करने पर विवाद करने लगते है।

### दर्जनों नये घाट है नदी में

हिरन नदी में सचुली, लमतरा, देवरी, कुम्ही, महगवां, कचनारी, खभरा, जुनवानी, मढा, अमगंवा सहित अन्य जगहों से अवैध घाट बना कर रेत निकाली जा रही है ग्रामवासियों ने प्रशासन से अवैध घाटों को बंद कराये जाने की माँग की है।

### जगह-जगह स्टाक कर बेच रहे रेत


रेत के अवैध व्यापार का आलम यह है की सिहोरा की अनेक बाहरी सड़कों के किनारे एंव खेतों में आधी रात को रेत माफिया अवैध रेत का ढेर लगवा लेते हैं और फिर दिन के उजाले में नम्बर एक की करके बेच देते हैं इस अवैध कारोबार में कहीं सरपंच पुत्र तो सरपंच पति संलग्न होकर खुलेआम ढेर लगाकर रेत बेच रहे हैं और उनसे कोई पुछने वाला तक नहीं है की ये रेत कहां से आ रही और किस आधार पर बेची जा रही है।

### जानबूझकर ज्यादा बिजली बिल वसूली को लेकर व्यापारियों ने जताई आपत्ति

# गलत बिलिंग एवं विद्युत विभाग की तानाशाही के खिलाफ व्यापारी संघ का विरोध

**जबलपुर।** गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर एवं सचिव मनीष रांका एवं समस्त व्यापारियों की ओर से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर को एक विरोध पत्र सौंपा गया है, जिसमें स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना, जानबूझकर ज्यादा बिजली बिल भेजने एवं व्यापारियों से अन्यायपूर्ण वसूली को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। गोरखपुर बाजार के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिस स्मार्ट मीटर की वास्तविक कीमत मात्र 2000-3000 है, उसके लिए उपभोक्ताओं से 25000 वसूले जा रहे हैं, जो 8 वर्षों में भुगतान करना अनिवार्य किया गया है।

विद्युत मंडल अपनी हानियों को कम करने में असफल रहा है और इसका भार आम जनता पर डाल रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद व्यापारियों के बिजली बिल में 300 से 1000 यूनिट की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।



### व्यापारी संघ की प्रमुख माँगें

स्मार्ट मीटर की जबरन स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए। अवैध वसूली पर तुरंत कार्रवाई की जाए। जिन व्यापारियों ने स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन किया है, उनके प्रतिष्ठानों से तुरंत स्मार्ट मीटर हटाया जाए। व्यापारियों के गलत बिल बिना किसी शर्त के सुधारे जाएं।

### आंदोलन की चेतावनी

यदि विद्युत विभाग ने तुरंत समाधान नहीं निकाला, तो व्यापारी संघ कल दोपहर 1:00 बजे प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल प्राइवेट लिमिटेड को ज्ञापन सौंपेगा। अगर इसके बाद भी व्यापारियों की सुनवाई नहीं हुई, तो व्यापारी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

### व्यापारी संघ की अपील

गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुधीर सोनकर एवं सचिव मनीष रांका ने कहा कि व्यापारी समाज विद्युत विभाग की तानाशाही को स्वीकार नहीं करेगा। अगर जल्द ही व्यापारियों की मांगें नहीं मानी गईं, तो व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा।

# बाईक की टक्कर से चाट का ठेला लेकर लौट रहा युवक घायल

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत 6 वीं बटालियन गेट के पास शांति नगर में चाट का ठेला लेकर घर जा रहे एक युवक को नशे में धुत्त एक बाईक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी 51 वर्षीय महेश बर्मन गत रात लगभग 11.15 बजे अपने बेटे वंशू बर्मन के साथ दुकान बंद करके अपना चाट का ठेला लेकर घर रहा था, जैसे ही 6वीं बटालियन गेट के पास शांति नगर पहुंचा तभी पीछे से आ रही हीरो मोटर साईकल क्रमांक एमपी 20 एन 9108 के चालक ने वंशू बर्मन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वंशू वर्मन के सिर में पीछे तरफ, कमर दोनों घुटनों एवं दाहिने हाथ के पंजे के ऊपर चोटे आ गयी। टक्कर मारने के बाद बाईक चालक भी गिर गया जो शराब के नशे में था। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### सिहोरा में वारदात, आरोपी देवर गिरफ्तार

# साइकिल के गियर से हमला कर भाभी की हत्या

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम गुनहरु शांतिनगर में एक युवक ने साइकिल के दता वालें व्हील से हमला कर अपनी भाभी की हत्या कर दी। मृतिका की चीख पुकार सुनकर सड़क पर भाजी बेच रही उसकी सास तब तक आरोपी गंजताल की तरफ भाग गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना की वजह अभी स्पष्ट रुप से नहीं आई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि ग्राम गुनहरु शांति नगर सिहोरा निवासी मूलाबाई गोटिया के दो बेटे महेन्द्र व राजेन्द्र अपने अपने परिवार के साथ अलग अलग रहते है। मूलाबाई छोटे बेटे राजेन्द्र के साथ रहती है। मूलाबाई सुबह के वक्त भाजी बेचने के लिए गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर चली गई। इस दौरान राजेन्द्र पड़ोस में बड़े भाई महेन्द्र के घर पहुंच गया, उस समय बहू दामिनी अकेली कमरे में लेटी रही। इस दौरान आरोपी राजेन्द्र गोटिया ने भाभी के साथ गाली गलौज करते हुए लोहे की साइकल के गियर से दामिनी पर हमला कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की चीख पुकार सुनकर आरोपी की मां मूलाबाई घर पहुंची तो आरोपी अपनी मां को धमकी देते हुए वहां से भाग गया। देखते ही देखते गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी राजेन्द्र गोटिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

### 300 पाव देशी शराब सहित स्कूटी जब्त

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने ग्राम बम्हनौदा बायपास के पास गत रात स्कूटी में अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 पाव देशी शराब और दोपहिया वाहन जब्त किया है। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि ग्राम कटंगी पंचमपुरा हाईस्कूल के पीछे कटंगी निवासी 23 वर्षीय बृजेंद्र गत रात स्कूटी क्रमांक जीजे 15 बी ओ 6039 में शराब रखकर ग्राम बम्हनौदा बायपास जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर बम्हनौदा बायपास पहुंची पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 300 पाव देशी शराब और स्कूटी जब्त की है।




**श्रीमती छिदनी बाई-** चौथा पुल नेपियर टाउन निवासी श्री लालता प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती छिदनी बाई (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री राम नारायण अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सीताराम सेन-** मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री सीताराम सेन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू सेठी-** बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री मदन लाल सेठी के पुत्र श्री सोनू सेठी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम नारायण गुप्ता-** पुरानी बस्ती कटनी निवासी श्री राम नारायण गुप्ता (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती समुद्री बाई कुशवाहा-** खलासी लाईन छोटी ओमती निवासी श्री जंगली प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती समुद्री बाई कुशवाहा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बाई रैकवार-** गली नं. 17, सदर निवासी श्री दिलीप कुमार रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनुरुद्ध सिंह-** लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री अनुरुद्ध सिंह (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धीरेंद्र बान-** मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री धीरेंद्र बान (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मन्नू लाल राजपूत-** पश्चिमी घमापुर पुत्री शाला के पास निवासी श्री मन्नू लाल राजपूत (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला डनायक-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री माधव राव डनायक की धर्मपत्नी श्रीमती शीला डनायक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री सुंदर लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गर्जन प्रसाद गोंड़-** भूलन गांव कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री गर्जन प्रसाद गोंड़ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल बृजवानी-** झामनदास चौक के पास निवासी श्री अनिल बृजवानी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुड्डन बाई-** तीस बैरक शीला टाकीज कम्पाउंड के पास निवासी मुन्नी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डन बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


**खबर संक्षेप**

### यूरेका फोर्ब्स के शुद्ध लाभ में 52.5 प्रतिशत की वृद्धि




**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित उत्पाद बनाने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 52.5 प्रतिशत बढ़कर 35.03 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी को 22.97 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### आयशर मोटर्स के लाभ में 18 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 1,171 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 996 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आयशर मोटर्स ने बयान में कहा कि दिसंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 4,973 करोड़ रुपये हो गया।

### क्वालिटी पावर के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय




**नई दिल्ली।** ऊर्जा पारेषण उपकरण एवं बिजली प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालिटी पावर ने अपने 859 करोड़ रुपये आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 401-425 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के अनुसार, आईपीओ 14 फरवरी को खुलेगा और 18 फरवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 फरवरी को बोली लगा पाएंगे।

### नेशनल फर्टिलाइजर्स का लाभ 70 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत घटकर 45.81 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 150.90 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### जिलेट इंडिया का शुद्ध लाभ बढ़कर 21 फीसदी



**नई दिल्ली।** शेविंग उत्पाद बनाने वाली कंपनी जिलेट इंडिया लिमिटेड का दिसंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 21.18 प्रतिशत बढ़कर 125.97 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। जिलेट इंडिया लि. जुलाई-जून के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी को इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 103.95 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

### आईएचसीएल मुंबई में होटल पर 2500 करोड़ करेगी निवेश



**मुंबई।** टाटा समूह द्वारा संचालित इंडियन होटल्स लि. (आईएचसीएल) मुंबई में 330 कमरों वाला एक नया होटल बनाने के लिए 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने कहा कि 'ताज बैंडस्टैंड' नामक नये होटल का निर्माण इस वर्ष शुरू होगा और इसे पूरा होने में तीन साल से अधिक का समय लगेगा।

# ट्रंप के टैरिफ वॉर से रुपए में ऐतिहासिक गिरावट, महंगाई में आ सकता है उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर दुनियाभर के देशों और उनकी करेंसी को प्रभावित कर रही है। सोमवार को भारतीय रुपया 44 पैसे गिरकर 87.9400 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि ये गिरावट, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टील और एल्यूमिनियम इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के ऐलान की वजह से हुआ है। रुपए में गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। खासतौर से मेटल सेगमेंट के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है।

## भारतीय रुपया 44 पैसे गिरकर 87.94 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

### आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी

डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। दरअसल, रुपए के कमजोर होने से आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी, जिससे देश में महंगाई बढ़ने की आशंका है। अगर डॉलर महंगा होता है, तो वस्तुओं के आयात पर अधिक रुपए खर्च करने होंगे। रुपए की गिरावट से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात महंगा हो जाएगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं।



### इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम बढ़ सकते हैं

कमजोर रुपए के कारण मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, आयातित कच्चा माल महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिसका असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। वहीं, विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों और विदेश यात्रा करने वालों के लिए ट्यूशन फीस और रहने का खर्च भी बढ़ जाएगा।

### प्रॉफिट मार्जिन पर दबाव आएगा

रुपए की गिरावट की वजह से आयात पर निर्भर बिजनेस के लिए चुनौती बढ़ेगी, क्योंकि इनपुट कॉस्ट बढ़ने से प्रॉफिट मार्जिन पर दबाव आएगा। विदेशी मुद्रा में कर्ज लेने वाली कंपनियों को भुगतान की अधिक लागत चुकानी पड़ेगी। हालांकि, निर्यात करने वाले व्यवसायों को कुछ लाभ हो सकता है, खासकर आईटी, फार्मा और जेम्स और ज्वैलरी जैसे क्षेत्रों को इसका लाभ हो सकता है, क्योंकि इन्हें विदेशों से डॉलर में पेमेंट आती है।

## अमेरिका आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 फीसदी शुल्क लगेगा

# ट्रंप की सोमवार को इस्पात, एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कनाडा तथा मेक्सिको सहित इस्पात और एल्युमीनियम के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की सोमवार को घोषणा करेंगे। साथ ही इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे। सुपर बाउल में हिस्सा लेने के लिए फ्लोरिडा से न्यू ऑरलियन्स जाते समय विमान 'एयर फोर्स वन में' रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ''अमेरिका में आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा।'' एल्युमिनियम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''एल्युमीनियम भी '' व्यापार दंड के अधीन होगा।

- एल्युमीनियम भी व्यापार दंड के अधीन होगा

## इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे

### पारस्परिक शुल्क की बात दोहराई

ट्रंप ने ''पारस्परिक शुल्क'' की घोषणा करने की बात भी दोहराई जिसका मतलब है कि अमेरिका उन उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जहां किसी अन्य देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, '' यदि वे हमसे 130 प्रतिशत शुल्क ले रहे हैं और हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो अब यह स्थिति ऐसी नहीं रहेगी।''



### कोरिया कर रहा समीक्षा

इस बीच, दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने देश के शीर्ष विदेश नीति एवं व्यापार अधिकारियों की सोमवार को बैठक बुलाई, जिसमें इस बात पर गौर किया गया कि इस्पात और एल्युमीनियम पर ट्रंप के प्रस्तावित शुल्क से उनके उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

### अमेरिका को बजट घाटा कम करने में मदद मिलेगी

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने पहले भी कई बार कहा है कि वह आयात करों को आव्रजन जैसे मुद्दों पर रियायतें दिलाने के साधन के साथ ही इसे सरकार के बजट घाटे को कम करने में मदद करने वाले राजस्व के स्रोत के रूप में भी देखते हैं।

### अमेरिका शुल्क प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा

ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह इस्पात और एल्युमीनियम आयात के लिए नए शुल्क की घोषणा करेंगे। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन किसी भी देश की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने पर उसके खिलाफ आयात शुल्क लगाने जा रहा है।

### द. कोरिया ने 2024 में 4.8 अरब डॉलर का इस्पात भेजा

दक्षिण कोरिया ने 2024 में जनवरी से नवंबर के बीच अमेरिका को करीब 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का इस्पात भेजा, जो इस अवधि के दौरान उसके वैश्विक निर्यात का 14 प्रतिशत था।

### भारतीय इस्पात उत्पादकों की चुनौतियां बढ़ेंगी : मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात एवं एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

### अमेरिका के इस्पात उद्योग को होगा फायदा

मूडीज रेटिंग्स के सहायक उपाध्यक्ष हुइ तिंग सिम ने कहा कि पिछले 12 महीनों में भारत में इस्पात के अधिक आयात ने पहले ही देश के इस्पात उत्पादकों की कीमतों और कमाई को घटा दिया है। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप प्रशासन के नए कदम से घरेलू इस्पात की मांग बढ़ेगी और बिक्री कीमतें बढ़ने से अमेरिका के इस्पात उत्पादकों को फायदा होगा।

# सरकार ने मानव बालों के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

## प्रतिबंध 65 डॉलर प्रति किग्रा से कम कीमत वाले मानव बालों पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को 65 डॉलर प्रति किलोग्राम से कम कीमत वाले अपरिष्कृत मानव बालों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने जनवरी, 2022 में इन निर्यातों पर अंकुश लगाया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, ''अपरिष्कृत मानव बालों की निर्यात नीति को अंकुश से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि, अगर निर्यात मूल्य 65 डॉलर प्रति किलोग्राम या उससे अधिक है, तो निर्यात किया जा सकता है।''

म्यांमा और चीन जैसे देशों में अपरिष्कृत मानव बालों की तस्करी की खबरों के बाद यह निर्णय लिया गया, जिससे स्थानीय उद्योगों और निर्यात को नुकसान हो रहा था।



भारत में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के अलावा पश्चिम बंगाल इस उद्योग का प्रमुख केंद्र है। भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी चीन, कंबोडिया, वियतनाम और म्यांमा हैं। भारत में दो तरह के बाल एकत्र किए जाते हैं - रेमी और नॉन-रेमी बाल। रेमी बाल, सबसे अच्छी श्रेणी के होते हैं, जिन्हें मंदिरों से एकत्र किया जाता है, जहां तीर्थयात्री धार्मिक मान्यता के तहत अपने बाल दान करते हैं। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से विग बनाने के लिए किया जाता है।

### निर्यात मुख्य रूप से म्यांमा को

नॉन-रेमी बाल गांवों और शहरों से एकत्र किया जाता है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 12.39 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 12.4 करोड़ डॉलर था। इसे मुख्य रूप से म्यांमा को निर्यात किया जाता है।

**नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा हुआ कमजोर**

# ट्रंप की धमकी से सहमा शेयर बाजार सेंसेक्स 548 अंक और लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की



शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है। निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए अपना पैसा सोने जैसे सुरक्षित निवेश उत्पादों में लगा रहे हैं।''

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और शुल्क को लेकर चिंता से बाजार धारणा प्रभावित हुई।बीएसई में सूचीबद्ध कंपिनयों का बाजार पूंजीकरण 7,68,252.32 करोड़ रुपये घटकर 4,17,82,573.79 करोड़ रुपये पर आ गया।

### निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और शुल्क को लेकर चिंता से बाजार धारणा प्रभावित हुई।बीएसई में सूचीबद्ध कंपिनयों का बाजार पूंजीकरण 7,68,252.32 करोड़ रुपये घटकर 4,17,82,573.79 करोड़ रुपये पर आ गया।

## हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12 को खुलेगा

एजेंसी ▶▶| जयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 फरवरी को खुलेगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 674-708 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के बयान के अनुसार, आईपीओ 14 फरवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 11 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। आईपीओ पूर्ण रूप से 8,750 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीकृष्ण रामकार्तिकेयन ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' यह आईपीओ हेक्सावेयर की यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि हमारी मजबूत बुनियादी बातें और प्रौद्योगिकी-संचालित विकास रणनीति निवेशकों को आकर्षित करेगी।''

# एशिया इंडेक्स ने शुरू किए बीएसई 1000 समेत पांच नए सूचकांक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसई की अनुषंगी इकाई एशिया इंडेक्स ने सोमवार को पांच नए सूचकांकों की शुरुआत की जो बाजार प्रतिभागियों को अगली पीढ़ी की उभरती कंपनियों की वृद्धि क्षमता का लाभ उठाने का अवसर देते हैं।

एशिया इंडेक्स ने एक बयान में कहा कि नए सूचकांकों को बड़ी कंपनियों से लेकर बहुत छोटी कंपनियों तक के प्रदर्शन एवं वृद्धि संभावनाओं को दर्शाने के लिए बनाया गया है। नए सूचकांकों के नाम बीएसई 1000, बीएसई नेक्स्ट 500, बीएसई 250 माइक्रोकैप, बीएसई नेक्स्ट 250 माइक्रोकैप और बीएसई 1000 मल्टीकैप रखे गए हैं।

**कंपनियों की वृद्धि क्षमता का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा**

एशिया इंडेक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष सिंह ने इन सूचकांकों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, /"बीएसई 1000 भारत के कुल बाजार पूंजीकरण के 93 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है और इस तरह यह समग्र शेयर बाजार के लिए एक प्रासंगिक मानक के रूप में काम करेगा।"

### भागीदारी बढ़ने से नकदी स्थिति में होता है सुधार

सिंह ने पांच सूचकांकों कर शुरूआती पर कहा कि जैसे-जैसे बाजार की भागीदारी बढ़ती है, नकदी स्थिति में सुधार होता है, और प्रगतिशील एवं निवेशक-उन्मुख नियामकीय बदलावों के पीछे निवेशकों का विश्वास मजबूत होता है।

## सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी बर्जर पेंट्स

**कोलकाता।** बर्जर पेंट्स लिमिटेड की चेयरमैन रिश्मा कौर ने सोमवार को कहा कि कंपनी 'टिकाऊ' विकास और रणनीतिक विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए भरोसे और नवाचार की अपनी प्राचीन विरासत को आगे बढ़ाना जारी रखेगी। कौर ने कहा कि कंपनी किसी भी अधिग्रहण के प्रति सतर्क रुख बनाए हुए है। जब उनसे पूछा गया कि कंपनी ने अक्ज़ो नोबल के पेंट कारोबार के लिए बोली क्यों नहीं लगाई, जो भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में बिक्री के लिए है, तो बर्जर पेंट्स की चेयरमैन ने बताया कि ''मौजूदा परिस्थितियों में, यह हमारी रणनीति के अनुरूप नहीं है। इसलिए, हमने अभी तक कोई बोली नहीं लगाई है।'' कौर ने कहा, ''हमारे पास अपनी योजनाएं हैं, चाहे प्रतिस्पर्धा अधिक हो या कम। हम इससे व्यवस्थित तरीके से निपटेंगे। यदि अधिग्रहण का कोई अच्छा अवसर आता है, तो हम मूल्य-लाभ समीकरण के आधार पर उसका मूल्यांकन करेंगे।




**भारत को आपूर्ति करने वाले देशों की संख्या 39**

# भारत सभी स्रोतों से पेट्रोलियम खरीदने को तैयार : हरदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत सभी स्रोतों से सबसे कम दरों पर पेट्रोलियम आयात के लिए तैयार है। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि घरेलू पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को वर्ष 2026 से आपूर्ति के लिए किफायती दाम पर अधिक गैस की तलाश है।



पुरी ने शुरू होने वाले 'भारतीय ऊर्जा सप्ताह-2025' के संदर्भ में आयोजित सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से भारत को तेल आपूर्ति पर पड़ने वाले असर से जुड़ी आशंकाएं दूर कीं। उन्होंने कहा, ''आज हमारे सामने ऐसी स्थिति है कि हमें आपूर्ति करने वाले देशों की संख्या 27 से बढ़कर 39 हो गई है। हमने अर्जेंटीना को भी इसमें शामिल किया है। हम सभी स्रोतों से आयात के लिए तैयार हैं।''

पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, "हमने आयात के समय निविदा जारी की थी। निविदा किसी भी आपूर्तिकर्ता के लिए खुली हैं। हम सबसे सस्ते स्रोत से ही ईंधन खरीदते हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को ज्यादा मात्रा में गैस की तलाश है और प्राकृतिक गैस की कीमतें नीचे आने की उम्मीद है। पुरी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजार के बारे में मेरा अनुमान है कि 2026 में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हमें कतर से अधिक गैस मिल सकती है। हमारी कंपनियां अधिक गैस की तलाश कर रही हैं।''

### अमेरिका से एलएनजी खरीदने पर विचार

एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और गेल अमेरिका से एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) और कच्चे तेल की खरीद पर विचार कर रही हैं और वे दीर्घावधि के अनुबंध कर सकती हैं।

**स्पोर्ट्स ड्रिंक को क्रिकेटर मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया**

# रिलायंस का 'स्पिनर' के साथ स्पोर्ट्स ड्रिंक बाजार में कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (आरसीपीएल) ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' पेश किया है। इस 'स्पोर्ट्स ड्रिंक' को स्पिन के जादूगर और श्रीलंका के क्रिकेट खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है।

कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि रिलायंस 'स्पिनर' की कीमत काफी कम रखी गयी है। डेढ़ सौ एमएल की बोतल केवल 10 रुपये में उपलब्ध होगी। यह कीमत बाजार में उपलब्ध अन्य प्रतिद्वंद्वी स्पोर्ट्स ड्रिंक्स जैसे पेप्सिको के गेटोरेड और कोका-कोला के पावरेड की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। 500 मिलीलीटर की बोतल 50 रुपये में उपलब्ध हैं।

## रिलायंस स्पिनर की कीमत काफी कम रखी गई

### तीन साल में बाजार एक अरब डॉलर होगा

डेकाथलॉन के स्पोर्ट्स ड्रिंक एपटोनिया की 400 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 99 रुपये है, हालांकि पोर्टल पर यह 69 रुपये में उपलब्ध है। कंपनी का दावा है कि अगले तीन साल में स्पोर्ट्स ड्रिंक का बाजार एक अरब डॉलर हो जाएगा और 'स्पिनर' इस बाजार में अगुवा होगा।




### ड्रिंक ने आईपीएल की टीमों से की साझेदारी

बयान के अनुसार, स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' ने इंडियन क्रिकेट लीग यानी आईपीएल की कई टीमों के साथ साझेदारी की है। इनमें लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस शामिल हैं।

### प्रभावी हाइड्रेशन पेय बनाया

'स्पिनर' के साथ, हमने एक किफायती और प्रभावी 'हाइड्रेशन' पेय बनाया है जिसका आनंद हर कोई ले सकता है, चाहे आप एक पेशेवर एथलीट हों या कोई ऐसा व्यक्ति जो 'हाइड्रेटेड' रहना चाहता हो।
ड्रिंक तीन स्वाद में उपलब्ध


### हर भारतीय की पहुंच गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक हो

मुरलीधरन ने कहा, ''मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ इस रोमांचक उद्यम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं...'स्पिनर' एक पासा पलटने वाला साबित होगा, जो हर भारतीय को ऊर्जावान और सक्रिय बने रहने में मदद करेगा।'' रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी केतन मोदी ने कहा, ''हम मानते हैं कि हर भारतीय की पहुंच गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक होनी चाहिए।

## चिंतन

# ममता कुलकर्णी ने खुद पद त्यागकर अच्छा ही किया

लंबे विवाद के बाद आखिरकार ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। उनके महामंडलेश्वर बनने के बाद से ही देशभर में अलग-अलग तरह से विरोध के स्वर सुनाई दे रहे थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं। एक वर्ग का कहना था कि ममता को महामंडलेश्वर बनाकर ठीक नहीं किया गया। ममता कुलकर्णी, जो अंडरवर्ल्ड संगठनों और ड्रग सिंडिकेट्स में उलझी एक बॉलीवुड अभिनेत्री थी, उन्हें महामंडलेश्वर के रूप में अभिषेक करने को त्याग की पवित्र परंपराओं का अपमान बताया जा रहा था। ममता कुलकर्णी जिसकी ख्याति आध्यात्मिक योगदान नहीं बल्कि किन्हीं और कारणों से थी, ने महाकुंभ में अचानक अपने संन्यास की घोषणा कर दी, अपना पिंडदान किया और खुद को संन्यासी घोषित किया। उसके बाद से बहस शुरु हो गई कि क्या कोई रातोंरात साधु बन सकता है? संन्यासी जीवन कोई दिखावा नहीं, केवल भगवा धारण कर लेने से कोई संन्यासी नहीं हो जाता। इसके लिए गहन अध्ययन, कठोर अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसी महिला है, जो दशकों से भौतिकता, विवाद और अवैध संबंधों के कारण चर्चाओं में रही। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के साथ उनके कथित रोमांटिक संबंध और उसके बाद में एक सजायाफ्ता ड्रग किंग विक्की गोस्वामी- के साथ उनके संबंध, एक संन्यासी से अपेक्षित नैतिक अखंडता की तस्वीर पेश नहीं करते। 2016 में 2000 करोड़ रुपये का ड्रग स्कैंडल, जिसमें कुलकर्णी को भगोड़ा बताया गया, उनकी विश्वसनीयता पर अमिट दाग लगाता है। 1998 में, छोटा राजन के साथ उनके कथित संबंधों ने मीडिया की गहन जांच को जन्म दिया, जिसकी परिणति फिल्म निर्माताओं को धमकियों और राजकुमार संतोषी की चाइना गेट में दोबारा से उनको अभिनेत्री के रुप में कास्ट करना अपने आप में हैरान करने वाला था। संदिग्ध संगति और अवैध लेन-देन से भरा ऐसा अतीत, आध्यात्मिक जागृति के उनके हालिया दावों पर गंभीर संदेह पैदा करता है। आत्म-साक्षात्कार और मुक्ति मौलिक अधिकार हैं, लेकिन व्यक्तिगत शरण के लिए। हो सकता है कि ममता उन सब कारकों से दूर हो गई हो, जिनसे वो जुड़ी रही थी। उन्होंने बहुत कुछ त्याग भी किया हो, लेकिन हमारे संत समाज के आदर्श होते हैं। ममता में भौतिक आसक्तियों के त्याग, शास्त्रों के ज्ञान का कठोर पालन और निस्वार्थ सेवा के प्रति अटूट समर्पण दिखाई नहीं दे रहा था। कुलकर्णी में हिंदू शास्त्रों के मूलभूत ज्ञान, अनुशासन और सच्चे भिक्षु के जीवित होने का अभाव दिख रहा था। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप भी लग रहे थे। हालांकि ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे। अब जब ममता ने खुद पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विवाद पर पूर्णविराम लग जाएगा और अखाड़े भी किसी ऐसे इंसान को पदासीन करने से गुरेज करेंगे जो विवादों में रहे हों।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी

# मोदी की गारंटी पर दिल्ली की मुहर

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भाजपा ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- 'मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।' दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ₹साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।₹ इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के



नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिल्ली परिणाम
डा. रमेश ठाकुर



# 'आप' का अपराजय होने का भ्रम टूटा


लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में जनता जर्नादन ही सर्वोपरि होती है। पर, ये बात एकाध बंपर जीत करने के बाद सियासी दल भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी का जब से जन्म हुआ, उसके बाद दिल्ली में तकरीबन चुनावों में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर अपने भीतर ये भ्रम पाल लिया कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता? लेकिन नियति की मार देखिएगा, केजरीवाल आखिरकार हार ही गए? दरअसल, भारतीय लोकतंत्र की यही सबसे खुबसूरत तस्वीर है जिसे स्वयं जनता कैनवास पर अपने मताधिकार से उकेरती है। जो आवाम नेताओं को सिर आंखों पर बिठाती है, वही जब अपने पर आती है तो अच्छे-अच्छों को आसमान से जमीन पर पटकने में भी देर नहीं करती? दिल्ली की ये हार आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक सताएगी। जब गढ़ ही गड़गड़ा गया, तो भविष्य की डगर निश्चित रूप से गडबड़ाएगी। केजरीवाल को पार्टी की हार उतनी नहीं सताएगी, जितनी उनके शीर्ष नेतृत्व के हारने से उनका मनोबल टूटेगा। केजरीवाल के कद्दावर नेताओं के नेताओं के हारने से पार्टी के जनाधार में भी यहीं से डेंट लगना आरंभ हो जाएगा। क्योंकि सेना के साथ-साथ उनका सेनापति भी हार गए। भाजपा की जीत ने 'आप' का दिल्ली में लंबे समय तक राज करने का भ्रम भी तोड़ा है।

फिलहाल, राजधानी में कौन अलगे पांच वर्ष तक सत्ता पर काविज रहेगा, ये आठ तारीख को आए परिणाम से तय हो गया। भाजपा ने 'आप'दा को मात देकर अपना 27 साल का सूखा मिटा लिया। भाजपा की जीत ने कई भ्रट तोड़े हैं। केजरीवाल की टीम ये ठाने बैठी थी कि उन्हें कोई हरा ही नहीं सकता। दलों को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए कि जीवंत लोकतंत्र में कोई दल स्थाई नहीं होता, सभी अस्थाई होते हैं? सियासी पार्टियों का बजूद जनता जनाधार की ताकत से ही मजबूत होता है। जनाधार जैसे ही खिसकता है, नींव भी कमजोर हो जाती है। एक जमाना था, जब जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों का पश्चिम बंगाल से लेकर भारत के दूसरे छोर तक बोला बाला होता था। आज ये दल किन परिस्थितियों में हैं, सभी जानते हैं, बताने की जरूरत नहीं? मुठ्ठी भर कार्यकर्ता भी उनके पास नहीं बचे? इन पार्टियों के कार्यालयों में ताले पड़े हैं। 'आम' से 'खास' बनने के बाद 'आप' पार्टी के नेताओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते थे। 'अहम' और 'घंमड़' उनमें आ गया था। खैर, उनके पास मौका अभी भी है, राजधानी वालों ने उनको विधानसभा में मुख्य और प्रचंड़ विपक्ष की भूमिका दी है जिसमें जनता उनकी परीक्षा लेगी।

'आप' वाले सरकार कैसे चलाते हैं, ये तो जनता ने अच्छे से देख लिया? विपक्ष में रहकर कैसा व्यवहार करेंगे हैं, ये उनको देखना है और परखना है। बहरहाल, दिल्ली में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के एक-दो नहीं, बल्कि बहुतेरे कारण हैं। हार के सियासी मायने भी दिलचस्प हैं। भारतीय राजनीति में इस परिणाम के असर दूर-दूर तक दिखेंगे। भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता भी मजबूत होगी। वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन' में बिखराव का होना भी स्वाभाविक रहेगा। क्योंकि इस जीत से भाजपा ने विपक्ष पर जबरदस्त मनौवैज्ञानिक बढ़ा ली है। भाजपा ने जिस अंदाज में पटकनी सत्ता दल को दी है, उन्हें उम्मीद नहीं थी। हारने के बाद केजरीवाल अब पुराने दिनों को जरूर याद करेंगे। गलतियां कहां-कहां हुईं, क्या खोया और क्या पाया? सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करेंगे। कैसे, उन्होंने अन्ना हजारे की आड़ लेकर अपनी राजनैतिक आभा चमकाई, और जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने 'आप' का गठन करके कांग्रेस की दिल्ली में समूची सियायी जमीन ही हड़पी। आज कांग्रेस अपनी दुर्दशा पर उतनी दुखी नहीं है जितनी केजरीवाल के हारने से खुश है। केजरीवाल ने भी कुछ इसी अंदाज में कभी शीला दीक्षित सहित उनकी टॉप लीडरशिप को एक झटके में हराया था। वही तस्वीर आज फिर उभरी। शीला दीक्षित की आत्मा भी आज खुश होंगी। केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लोगों ने उसी दिन से भांप लिया था। जब उन्होंने 2013 में धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीते थे और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। हांलाकि, कांग्रेस की उस एक मात्र भूल ने ही आगे चलकर 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका पूरा का पूरा सफाया हुआ। दूसरे चुनाव में 'आप' को मुस्लिम मतदाताओं ने भी खूब प्यार दिया। उनके समर्थन ने दिल्ली में रिकॉर्ड जीत दिलाई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### डंकी रूट : स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग

हाल ही में अमेरिका से 104 अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी।

*– सुरेंद्र दुबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू पर संघर्ष विराम आगे बढ़ाने का दबाव



हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की हालत दयनीय होने संबंधी नए विवरण सामने आने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा के साथ किए गए संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। संघर्ष विराम की दूसरे चरण की वार्ता तीन फरवरी से शुरू होनी थी लेकिन इजराइल तथा हमास के बीच कोई खास प्रगति नहीं हुई है, जबकि इजराइली सेनाएं समझौते के तहत रविवार को गाजा गलियारे से हट गई हैं। नेतन्याहू ने वार्ता में मध्यस्थता कर रहे एक प्रतिनिधिमंडल को कतर भेजा था लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल में उच्च स्तर के अधिकारी शामिल नहीं थे जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस चरण में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू हाल में ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे। माना जा रहा है कि वह इस मसले पर मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप ने रविवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई।

## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में खिला सड़े शव की दुर्गंध वाला फूल

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है। तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है।



ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है। कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है।

## X ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



प्रयागराज महाकुंभ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति


### फ्रांस और अमेरिका रहूंगा



अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में, मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। इसके अलावा हम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### न्यायाधीशों को निकालें



मैं यह प्रस्ताव करना चाहता हूं कि नई सरकार द्वारा निर्धारित सबसे खराब एक फीसदी नियुक्त न्यायाधीशों को हर साल निकाल दिया जाए। इससे सबसे भ्रष्ट और सबसे कम सक्षम लोग बाहर हो जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



मेरी फिल्म द सिग्नेचर के लिए ओटीटी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने की खुशी है। धन्यवाद, इस सम्मान को मैं केसी बोकाडिया, गजेंद्र अहिरे और मेरे साथी अभिनेताओं और तकनीशियनों के साथ साझा करता हूं। धन्यवाद, जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# यह आयोजन अनुसंधान और पराक्रम का महाकुंभ, बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा सुरक्षा शांति और स्थिरता का हिमायती

## एयरो इंडिया 2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी माने-जाने वाले एयरो इंडिया के 15वें संस्करण एयरो इंडिया 2025 की तुलना महाकुंभ से की है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहा है। प्रयागराज का महाकुंभ आत्म संधान का कुंभ है, वहीं एयरो इंडिया का यह महाकुंभ अनुसंधान का कुंभ है। यह महाकुंभ हमारी बाहरी मजबूती पर ध्यान दे रहा है। प्रयागराज का महाकुंभ भारत की संस्कृति को दर्शा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ भारत की शक्ति को दर्शा रहा है। जहां एक तरफ परंपरा और आध्यात्म का महाकुंभ चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पराक्रम का महाकुंभ चल रहा है।

### खास बातें

- भारत की औद्योगिक क्षमता और तकनीकी प्रगति को दुनिया देख रही
- नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत



### मित्र देशों के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' की ओर इशारा करते हुए कि यह हमें बताता है कि एक अरब से अधिक लोगों वाले हमारे देश में, एक अरब अवसरों को मूर्त रूप देते हुए, यह एयरो शो उससे कम कुछ नहीं हो सकता। एयरो इंडिया का पहला महत्वपूर्ण उद्देश्य हमारी औद्योगिक क्षमता और तकनीकी प्रगति को भी पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है। यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे भी बड़ा उद्देश्य मित्र देशों के साथ हमारे सहजीवी संबंधों को और मजबूत करना है।*

### हम एक धरती, एक परिवार को साझा करते

*राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है। हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। यहां विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।*

### भारत में शांति और समृद्धि है

राजनाथ सिंह ने नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। हम सभी को एक साथ मजबूत होना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। वैश्विक अनिश्चितता के इस माहौल में भारत एक बड़ा देश है, जहां शांति और समृद्धि है।

## खबर संक्षेप

### पुंछ में घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी



**मेंढर।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को करीब एक दर्जन इलाकों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के साथ मिलकर सुरनकोट में चानन का निचला भाग, सैर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल में घेराबंदी की।

### आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए 'विस्फोट' में कथित रुप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को गोली लगी।

## पीएम नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

# मैं अपने मित्र ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक पहले कार्यकाल में काम की मधुर यादें साथ


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस पहुंचे। उनकी यह द्विपक्षीय यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के 2047 होराइजन रोडमैप की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। फ्रांस से पीएम मोदी अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। पीएम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। अपने दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाउंगा। मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि जनवरी में उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और शपथ ग्रहण के बाद यह हमारी पहली मुलाकात होगी, लेकिन मुझे उनके पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने में साथ काम करने की बहुत ही मधुर याद है।

पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से द्विपक्षीय बैठक करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं व भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। पीएम ने कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। ट्रंप के पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को और बढ़ाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने नागरिकों के लाभ के लिए साथ मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।

### आज एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता भी करेंगे

### भारत और फ्रांस 2047 रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करेंगे



### एआई का उपयोग सार्वजनिक भलाई के लिए करेंगे

वहीं, फ्रांस यात्रा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। इसमें वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 के रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी होगी।

### रात्रिभोज में शामिल हुए, द्विपक्षीय चर्चा की

सोमवार शाम पेरिस पहुंचने पर पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मुलाकात की। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लिया। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। यह रात्रिभोज फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास मशहूर एलिसी पैलेस में हुआ, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी मौजूद रहे।

### वार कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को देंगे श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मैं मार्सिले में स्थित मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। जिसे कॉमनवेल्थ वार ग्रेव्स कमीशन द्वारा संचालित किया जाता है। इसके साथ ही, मार्सिले में भारत के नवीनतम कॉन्सुलेट जनरल का उद्घाटन भी करेंगे।

## बांग्लादेश और भारत रोकेंगे तनाव

# डॉ. जयशंकर से मस्कट में मिल सकते हैं तौहीद हुसैन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन जल्द विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात कर सकते हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात अगले सप्ताह मस्कट में आयोजित होने वाले हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह जानकारी सोमवार को ढाका की स्थानीय मीडिया ने दी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, इस बैठक के दौरान बांग्लादेश दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव को रोकने के उद्देश्य से एक संदेश देना चाहेगा। '8वां हिंद महासागर सम्मेलन' 16-17 फरवरी को मस्कट, ओमान में होगा। इसका आयोजन ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन कर रहा है।

### बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट'

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 'ऑपरेशन डेविल हंट' नाम से एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक 1,308 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह ऑपरेशन खासतौर पर उन लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा है, जो सरकार के मुताबिक देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह संयुक्त बल अभियान है, जिसमें पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, हिंसा फैलाने वालों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार ने शनिवार को इस ऑपरेशन का आदेश दिया। इसके पीछे कारण यह था कि ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के नेता के घर पर हमले के बाद छात्र कार्यकर्ता घायल हो गए थे।

### बांग्लादेश को चुभ गई भारत की बात

बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास को ध्वस्त करने को लेकर भारत अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस कड़े सवाल किए हैं, जिसपर यूनुस सरकार को मिर्ची लग गई है। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मुजीबुर रहमान के आवास पर आगजनी की घटना की निंदा की थी। बांग्लादेश ने इस घटना पर भारत की टिप्पणी को गलत और अनुचित बताया। इसे आंतरिक मामला बताते हुए किसी देश को टिप्पणी न करने की बात कही।

## *तंगहाल पाकिस्तान को आसानी से नहीं मिलेगा कर्ज*

# आईएमएफ की तकनीकी टीम करेगी दौरा 6 संस्थानों के कामकाज की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान के न्यायिक और नियामक तंत्र की समीक्षा कर रहा है। यह कदम पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद भ्रष्टाचार और शासन से जुड़ी समस्याओं को हल करना है। संघीय शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि आईएमएफ की एक तकनीकी टीम एक सप्ताह के लिए पाकिस्तान आई है, ताकि वह शासन से जुड़े छह प्रमुख क्षेत्रों और संस्थाओं की जांच कर सके। पाकिस्तान ने अक्तूबर 2023 में आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था, जिसमें उसने भ्रष्टाचार से निपटने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों व निवेश के लिए एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने का वादा किया था।






### आतंकवाद रोधी कार्रवाई पर निगाह

आईएमएफ पाकिस्तान के छह महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों के कामों की समीक्षा करेगा, जिनमें वित्तीय व्यवस्था, केंद्रीय बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय क्षेत्र की निगरानी, बाजार नियमन, कानून का शासन, धनशोधन और आतंकवाद-रोधी वित्तीय कार्रवाई शामिल हैं। आईएमएफ की टीम वित्त मंत्रालय, संघीय राजस्व बोर्ड, पाकिस्तान स्टेट बैंक, पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल, पाकिस्तान चुनाव आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय के साथ बैठक करेगी।

## राष्ट्रपति ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

# स्टील-एल्युमीनियम इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, तबसे वे लगातार बड़े और चौकाने वाले फैसले ले रहे हैं। ट्रंप ने अपनी व्यापार नीति में एक और बड़ा बदलाव करते हुए सभी स्टील और एल्युमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि ये टैरिफ अतिरिक्त धातु शुल्कों के अतिरिक्त होगा। ये कब से लागू होगा, इसका खुलासा इस सप्ताह के अंत में होने की उम्मीद है। रविवार को न्यू ऑरलियन्स में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि वे मंगलवार की शुरुआत में पारस्परिक टैरिफ की घोषणा करेंगे, जो तुरंत प्रभावी होंगे।



### नहीं बनेंगे नए सिक्के

ट्रंप ने नए सिक्के की ढलाई रोकने के लिए ट्रेजरी को निर्देश दिया है। ट्रंप ने इसके पीछे अधिक लागत का हवाला दिया है। ट्रंप ने कहा कि बहुत लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेनीज का खनन किया है जिसकी कीमत सचमुच हमें 2 सेंट से अधिक है। यह बहुत बेकार है! ट्रंप ने रविवार रात ट्रुथ सोशल साइट पर एक पोस्ट में लिखा। मैंने अमेरिकी ट्रेजरी के अपने सचिव को नए पैसे का उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया है।

## यूरोप जाने वाले प्रवासियों के मामले में लीबिया में बड़ा खुलासा

# दो कब्र में दफन 49 लाशें बरामद गोली मार उतारा गया मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

अमेरिका और यूरोप में अच्छी जिंदगी की चाहत में लोग अपना वेतन छोड़ जाते हैं। अवैध रास्तों में उन्हें यातनाओं का सामना करना पड़ा है। कई बार उन्हें मौत के घाट भी उतरना पड़ता है। ऐसा ही दर्दनाक हादसा लीबिया में हुआ है। लीबिया के अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी रेगिस्तान में दो सामूहिक कब्रों से करीब 49 शव मिले हैं। सभी शव यूरोप जाने वाले प्रवासियों के हैं। सुरक्षा निदेशालय ने कहा कि पहली सामूहिक कब्र शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी शहर कुफरा में एक खेत में मिली है। इसमें 19 शव दफन हैं। फेसबुक में पोस्ट तस्वीरों में पुलिस अधिकारी और चिकित्सक रेत में खुदाई करते दिख रहे हैं। कब्र से शवों को निकाला जा रहा है।

### दूसरी कब्र में 30 लाशें मिलीं



अल-अबरीन चैरिटी का कहना है कि कब्र में दफनाने से पहले कुछ लोगों को गोली मारी गई। कुफरा में सुरक्षा कक्ष के प्रमुख मोहम्मद अल-फदील ने बताया कि मानव तस्करी केंद्र पर छापा मारने के बाद कुफरा में एक कब्र और मिली है। इसमें 30 शव दफन मिले हैं। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों ने बताया कि लगभग 70 लोग कब्र में दफन थे। पूरे इलाके में पुलिस तलाशी अभियान में जुटी है।

### 76 प्रवासियों को कराया गया मुक्त

रविवार को लीबिया के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने तस्करी केंद्र से 76 प्रवासियों को मुक्त कराया है। तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बता दें कि लीबिया में पहले भी सामूहिक कब्रें मिल चुकी हैं। पिछले साल अधिकारियों ने राजधानी त्रिपोली से 350 किलोमीटर दक्षिण में शुआरिफ क्षेत्र में 65 प्रवासियों के शवों को कब्र से निकाला था।

## संसद में उपस्थित होंगे सांसद राशिद

# दिल्ली हाई कोर्ट ने दी दो दिनों की कस्टडी पैरोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रमुख और बारामुल्ला से सांसद इंजीनियर रशीद को दो दिन की कस्टडी पैरोल दी है। अदालत ने कहा कि इस अवधि के दौरान उन्हें इंटरनेट का उपयोग करने या मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है।

कथित आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी करार दिए जाने के बाद से रशीद 2019 से जेल में हैं। उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में चुना गया था।

### बिफरीं महबूबा

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ़्ती ने पैरोल दिए जाने में देरी पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया कि यह वास्तव में 'लोकतंत्र की मां' का काम है। गुरमीत सिंह, जो स्वयं को राम रहीम भी कहता है, रेप और हत्या के मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद भी महीनों पैरोल पर बाहर रहता है। वहीं, हमारे सम्माननीय सांसद इंजीनियर रशीद को संसद में भाग लेने के लिए केवल दो दिन की हिरासत पैरोल दी गई है, वह भी केवल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद।

## बढ़ती भीड़ को देखते हुए सऊदी अरब के उमरा मंत्रालय का बड़ा फैसला

# हज में बच्चों के जाने पर बैन, 14 देशों के लिए बदले वीजा नियम

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने हज को लेकर इस बार बड़ा फैसला किया है। सऊदी अरब के नए फैसले के मुताबिक अब बच्चों का हज में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि हज के दौरान हर साल बढ़ती भीड़ को लेकर ये फैसला लिया गया है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें हज करने से रोका गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय का कहना है कि 2025 में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पहली बार हज करने आए हैं। बच्चों पर प्रतिबंध भी इसी वजह से लगाया है कि उन्हें भीड़ भाड़ में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। हज 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं।

### पहली बार हज करने वालों को देंगे प्राथमिकता

### सिर्फ सिंगल एंट्री वीजा 30 दिनों तक वैध रहेगा

### नुसुक एप के जरिए करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन



सऊदी अरब के नागरिक और वहां रहने वाले नुसुक एप के जरिए या ऑफिशियल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।आवेदकों को अपनी जानकारी सत्यापित कराने के साथ ही उनके साथ यात्रा करने वाले का भी पंजीकृत करना होगा। सऊदी अरब के नए वीजा नियमों से अल्जीरिया, बांग्लादेश, मिस्त्र, इथोपिया, भारत, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सूडान, ट्यूनीशिया और यमन पर देश प्रभावित होंगे।

### एक साल का मल्टीपल एंट्री वीजा निलंबित

सऊदी अरब की सरकार ने इन देशों के साथ पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए एक साल के मल्टीपल एंट्री वीजा को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। नए नियमों के तहत, इन देशों के लोग केवल सिंगल एंट्री वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि 30 दिनों के लिए वैलिड होगा। सऊदी अरब हज और उमरा को लेकर अपने नियमों में बदलाव करता रहता है। 2024 में सऊदी अरब ने उमरा के दौरान ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास भीड़ जुटने के कारण फोटोग्राफी से लोगों को बचने की सलाह दी थी। मंत्रालय ने बिना परमिशन किसी की फोटो लेने और ज्यादा देर तक ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास फोटोग्राफी करने से बचने को कहा था।

## आईआरबी चौकी से लूटे 9 में से 8 शस्त्र बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के थौबल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी से लूटे गए नौ में से आठ शस्त्र बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के नगामुखोंग तलहटी में तलाशी अभियान के दौरान तीन एके और पांच एसएलआर समेत आठ आग्नेयास्त्र बरामद किए गए और बाद में एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया गया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस करीब 30 हथियारबंद बदमाशों ने (शनिवार रात) थौबल जिले के काकमाई में एक पुलिस चौकी पर धावा बोला था।

तीन चरणों में किया जायेगा क्रियान्वयन, प्रथम चरण फ़रवरी अंत तक होगा पूर्ण

# इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को शीघ्र क्रियान्वित करें : मंत्री राकेश सिंह

**सिस्टम पीडब्ल्यूडी और एमपी रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा सड़कों, पुलों और भवन परियोजनाओं के डिजिटल एवं पारदर्शी प्रबंधन के लिए किया गया है विकसित**

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश में सड़क और भवन परियोजनाओं के सुचारू संचालन और पारदर्शी निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आईपीएमएस के प्रथम चरण को फरवरी 2025 के अंत तक, द्वितीय चरण को मई 2025 तक और तृतीय चरण को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट मार्च 2025 में सचिवालय स्तर पर आईपीएमएस के माध्यम से ही संसाधित किया जाए।

गत वर्ष लोक निर्माण विभाग का कार्य भार संभालने के बाद मंत्री श्री सिंह ने इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को प्राथमिकता पर लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अगस्त 2024 को इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का चयन किया गया। एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक श्री भरत यादव, प्रमुख अभियंता (सड़क एवं पुल) श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, मुख्य अभियंता एवं नोडल अधिकारी इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) श्री बी.पी. बोरासी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) क्रियान्वयन टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि आईपीएमएस एक ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर है, जिसके माध्यम से निर्माण कार्यों की मांग से लेकर स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया,क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण और परफॉरमेंस गारंटी पूरी होने तक समस्त कार्यवाही ऑनलाइन होगी। इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग और एमपी रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा सड़कों, पुलों और भवन परियोजनाओं के डिजिटल एवं पारदर्शी प्रबंधन के लिए विकसित किया गया एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसकी अनुमानित लागत 17 करोड़ रुपये है। इस प्रणाली मेंपरियोजनाओं की योजना, निविदा प्रक्रिया, निर्माण, निरीक्षण, भुगतान और संपूर्ण मॉनिटरिंग को ऑनलाइन किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और कार्य की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

चरणबद्ध क्रियान्वयन से प्रथम चरण में मांग प्रबंधन, बजटिंग, डीपीआर अपलोडिंग और ऑनलाइन स्वीकृति प्रक्रिया को लागू किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग संभव होगी। द्वितीय चरण में ई-टेंडरिंग, अनुबंध प्रबंधन, ठेकेदारों के लिए ऑनलाइन इंटरफेस और माइलस्टोन ट्रैकिंग जैसी सुविधाओं को जोड़ा जाएगा। तृतीय चरण में वित्तीय प्रबंधन, ऑडिट ट्रैकिंग और 5D बिल्डिंग इंफोर्मेशन मॉडलिंग आधारित योजना के साथ-साथ ई-बिलिंग और ऑनलाइन निरीक्षण प्रणाली को पूरी तरह लागू किया जाएगा।नई प्रणाली से सभी परियोजनाओं की स्थिति ऑनलाइन उपलब्ध होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा। साथ ही, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी और ठेकेदारों को समय पर भुगतान मिलेगा। मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि आईपीएमएस के प्रभावी क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई दिशा मिलेगी और सड़क एवं भवन परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं गति में सुधार होगा।



## दसमुखी महाकाली दरबार में हुई सुहागलें

**जबलपुर।** श्री दसमुखी माता महाकाली भैरव बाबा मठ कछियाना चौक लार्डगंज में 108 मातृ शक्तियों द्वारा सुहागलों के कार्यक्रम का आयोजन श्री दसमुखी महाकाली के पीठाधीश्वर महंत राजेश्वरानंद के सानिध्य में किया गया। महंत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता महाकाली के दरबार में गुप्त नवरात्रि में मां भगवती की आराधना पूरे नौ दिन होती है, नवरात्रि समापन तथा माता भगवती के दरबार में लगभग 108 मातृ शक्तियों का सुहागलों का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में श्रीमति नंदिता तिवारी सांघवी सबिता दीदी सुषमा पटेल आयु तिवारी गौरी विश्वकर्मा रंजीता पटेल सीता तिवारी मणी पटेल संगीता पटेल सबिता पटेल नम्रता अग्रवाल मोहनी ठाकुर गीता साहु मुस्कान पटेल शिखा साहू गुड़िया ठाकुर द्वारा सुहागले की पूजा की गई एवं सभी मातृ शक्तियों को मीठा प्रसाद सुहाग की सामग्री वितरण किया गया।

## पुरवा टीम ने जीता आदि योगी क्रिकेट टूर्नामेंट

**जबलपुर।** आज ग्राम पंचायत पडुआ में आयोजित आदि योगी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच तेवर और पुरवा टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक तरीके से खेला गया। इस मैच में पुरवा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने पुरवा टीम की जीत का जश्न मनाया और उन्हें बधाई दी। यह टूर्नामेंट ग्राम पंचायत पडुआ में आदि योगी परिसर द्वारा खेलकूद को बढ़ावा देने और युवाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। फाइनल मैच में श्रीमती वर्षा शिव पटेल सरपंच ने मुख्यअतिथि श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया जिला



पंचायत अध्यक्ष, शिव पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष, धीरज पटेल मंडल अध्यक्ष, राजकुमार पटेल पूर्व पार्षद, श्रीमती वंदना पटेल जनपद सदस्य, प्रमोद पटेल महामंत्री, सन्दीप पटेल जिला अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, श्री प्रकाश विभाग सयोजक क्रीड़ा भारती, विकाश कुशवाहा मार्ग प्रमुख, भगवत पटेल, फूल सिंह पटेल का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिव पटेल पूर्व सरपंच और बाबा पटेल बबलु ने किया।

## नवीन उदय समिति का सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रकाश पर्व पर नवीन उदय समिति बड़ी मदार टेकरी, रविदास चौक सिंधी कैम्प द्वारा 11 फरवरी को शाम 06 बजे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, विशिष्ट अतिथियों व बुजुर्गजनों का सम्मान समारोह आयोजित है। आयोजन में उपस्थिति की अपील एड. अयोध्या प्रसाद, राजकुमार चौधरी, अर्जुन चौधरी, विकास चौधरी, एड. कमलेश कुमार, सुशील चौधरी, पवन, मनोज, भोला, सुनील पण्डा, प्रकाश अहिरवार सहित अन्य ने की है।

## ईकोकार्डिओग्राफी की बारीकी और नवीनतम पद्धति से रू-ब-रू हुए डॉक्टर्स

**जबलपुर।** गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं हार्ट रिसर्च एसोसिएशन के तत्वावधान में 09 फरवरी को 'ईको जबलपुर 2025 वर्कशॉप' का आयोजन होटल सत्य अशोका, जबलपुर में सफलतापूर्वक किया गया। इस उपलक्ष्य पर ऑर्गनाइजिंग चेयरमेन डॉ. पुष्पराज पटेल और ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. आंजनेय मिश्रा ने भी अपने विचार रखे।

इस सम्मलेन में मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, डायबिटीज और मध्यप्रदेश से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लेकर ईको के संबंध में नई तकनीक को जाना। चेन्नई के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ. आर अलगेशन



और बेंगलूर के डॉ. सतीश गोविन्द ने अपने व्याख्यान ईकोकार्डिओग्राफी की बारीकी और नवीनतम पद्धति पर अपने विचार रखे। इस कार्यशाला में ईकोकार्डियोग्राम परीक्षण और अल्ट्रासाउंड की चलती तस्वीरों की मदद से हृदय की संरचना और कार्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा यह भी बताया कि इकोकार्डियोग्राम एक उपकरण है जो हृदय की संरचना और कार्य की छवियां बनाने के लिए अल्ट्रासाउंड तरंगों का उपयोग करता है। इसका व्यापक रूप से हृदय की स्थिति का मूल्यांकन करने, हृदय के कार्य का आकलन करने और उपचार निर्णयों का मार्गदर्शन करने के लिए उपयोग किया जाता है।इस कार्य श्रृंखला में मध्य प्रदेश में उपस्थित चिकित्सकों जैसे भोपाल, खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, दमोह से डॉ. सुशील केली, डॉ. डीएस बहरानी, डॉ. वीके भरद्वाज, डॉ. विजय चावला, डॉ. प्रशांत पुणेकर, डॉ. नलिनी सिंघई, डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. अमित किनारे, डॉ. विशाल कस्तवार, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. अजय तिवारी आदि चिकित्सकों ने कॉन्फ्रेंस में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. पुष्पराज पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रमजान एक्सपो एवं हया डे पर प्रदर्शनी आयोजित

**जबलपुर।** गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन की प्रेसिडेंट तैयबा फिरदौस ने बताया इस्लाम में रमजान का एक खास महत्व है, रमजान मुबारक का इंतजार हर मुसलमान साल भर करता है। रमज़ान और रोज़े (उपवास) का क्या मक़सद है, रमज़ान के आने से पहले क्या-क्या तैयारी करनी चाहिए, क्या काम ज़रूरी हैं, क्या काम ग़ैर ज़रूरी हैं, रोज़े की हालत में किन कामों पर ज़्यादा फोकस होना चाहिए, इन्हीं कुछ सवालों को समझाने के लिए गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ने गोहलपुर उर्दू स्कूल ग्राउंड में रमज़ान एक्स्पो व हया के शीर्षक पर एक प्रदर्शनी लगाई है। इस प्रदर्शनी में मॉडल के ज़रिए जीआईओ की कार्यकर्ता ने बताया कि रमज़ान नेकियों, भलाइयों का मौसमे बहार है, रमज़ान में शैतान को क़ैद कर लिया जाता है और रमज़ान खाने-पीने, ईद की शॉपिंग, गपशप में अपना टाइम बर्बाद करने का महीना नहीं है, बल्कि अपने रब से रिश्ता मज़बूत करने ज्यादा से ज्यादा इबादत करने और अपने चरित्र निर्माण और नैतिकता को बढ़ाने का महीना है। मुख्य अतिथि पार्षद मुकीमा अंसारी, गुलाम रसूल, प्रेसीडेंसी तैयब फिरदौस, मुबाशिरहा बिलाल, रिमशा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रूपेश पटेल आजीवन सहयोग निधि जिला प्रभारी नियुक्त

**जबलपुर।** भाजपा की जबलपुर ग्रामीण इकाई की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल और वरिष्ठ नेताओं ने जिला मंत्री रुपेश पटेल



को आजीवन सहयोग निधि का जिला प्रभारी नियुक्त किया। इस अवसर पर जबलपुर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने रुपेश पटेल को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। यह नियुक्ति पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आजीवन सहयोग निधि के कार्यों को और मजबूत बनाने में मदद करेगी।

## मदरसे में जश्ने दस्तारबंदी, 6 छात्रों को हाफिज की दी गई सनद

**जबलपुर।** मदरसा कादरिया रज़वीय कासमिया क़ादरी चौक सोलह क्वाटर के 25 वर्ष पूरे होने पर जश्ने दस्तरबंदी का कार्यक्रम रविवार को सुब्बाशाह ग्राउंड में किया गया है। आयोजन की सरपरस्ती हज़रत अल्लाम मुफ़्ती इम्तियज़ुल क़ादरी कासमी मुफ़्ती ए आजम वा काज़ी ए शरआ जिला जबलपुर व उस्तादुल उलमा हज़रत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी साहब ने सदारत की। मुख्य वक्ता उस्तादुल उलमा हज़रत अल्लाम मौलाना मुफ़्ती सागीर अहमद बरकाती साहब क़ब्लि‍ा प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ उत्तर



प्रदेश व हज़रत मुफ़्ती अल्ताफ हुसैन कसमी, हजरत मुफ़्ती तौफीक आलम कसमी, हजरत मुफ़्ती शहीदुल क़ादरी कसमी ने तक़रीर, वजो नसीहत बयान फरमाई, वहीं शायरे इस्लाम मोहम्मद मुज़फ्फर रज़ा क़ादरी बरेली शरीफ उ.प्र. ने नातो मनकबत पेश की, साथ ही हफिजो कारी जाहिद हसन, अतहर रज़ा ने भी नातो मनकबत के शेर पेश किये, इस अवसर पर मदरसा क़ादरीया रज़वीय कसमीया में अध्यनरत 6 छात्रों को हाफ़ज़ि की सनद (डिग्री) प्रदान की गई। अन्त में सलातो सलाम और मुफ़्ती ए आजम जबलपुर हज़रत इम्तियाज़ुल क़ादरी की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## भाजपा जबलपुर ग्रामीण की बैठक आयोजित

**आगामी संगठन कार्यक्रमों की जानकारी दी गई**

जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की प्रथम कामकाजी बैठक प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अजय विश्नोई, संतोष बरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया की उपस्थिति में रानीताल स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भाजपा द्वारा आजीवन सहयोग निधि का समर्पण मंडल स्तर में किया जाएगा और इसी दिन से समर्पण अभियान प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर समर्पण निधि के जिला प्रभारी रुपेश पटेल, सह प्रभारी पुष्पराज सिंह बघेल, महामंत्री राजेश राय, राजेश दाहिया, उपाध्यक्ष आशीष पटेल, देवेंद्र यादव, डॉ.सुभाष तिवारी, दिनेश पटेल, उर्मिला दाहिया, अभिषेक हरि सिंह, छाया जैन, रश्मि बादल, नीता जैन, आनंद साहू, राजमणि सिंह बघेल, ओम दुबे के साथ ग्रामीण जिले के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## 'कतिया विभूति सम्मान' से सम्मानित हुए विश्व रिकॉर्डधारी डॉ. अरुण खोबरे

जबलपुर।

विश्व की सबसे बड़ी हस्तलिखित श्रीरामचरित मानस के लेखक विश्व रिकॉर्डधारी डॉ. अरुण खोबरे (कवि अरुण अज्ञानी) को कतिया समाज कल्याण संस्था छिंदवाड़ा द्वारा 'कतिया विभूति सम्मान' से सम्मानित किया गया। रघुवंशम लॉन में कतिया समाज कल्याण संस्था छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित युवक, युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम में उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच पर डॉ. खोबरे की मां श्रीमति मिथिला एवं पत्नी श्रीमति संध्या भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। आठ




विश्व रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज करा चुके डॉ. खोबरे ने कहा कि वह इस सम्मान को पाकर हर्षित हैं और अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस सम्मान को अपनी मां और पत्नी को समर्पित किया। कवि, गीतकार एवं मीडिया गुरु डॉ. खोबरे को उनकी लिखी विश्व की सबसे बड़ी हस्तलिखित श्रीरामचरित मानस के लिए हाल ही में लंदन बुक ऑफ रिकॉर्डस ने सम्मानित किया गया है। उन्होंने इस सम्मान को भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी को समर्पित किया था। कार्यक्रम में परासिया विधायक सोहन वाल्मिकी, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य गुरुचरण खरे, अखिल भारतीय कतिया समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.एस. राजकुमार महेले डॉ. पवन महलवंशी, सनत कुमार बेलवंशी, श्रीमती पूर्णिमा बेले, पुष्पा नाग, डिंपल सोनवंशी, ललिता मान सहित सैकड़ों पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## माघ मास कल्पवास का हवन यज्ञ आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में चल रहे निःशुल्क माघ मास कल्पवास पर आज 11 फरवरी मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा, शाम 4:00 बजे से भगवान राधा कृष्ण फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। वहीं कल 12 फरवरी को प्रातः 7:00 बजे से 463 वी नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाएगी जो आश्रम से होकर पंचवटी धुआंधार लम्हेटा घाट से नाव पार कर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा आश्रम में स्वामी के द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जाएगा।

## संत रविदास जयंती पर मूर्ति स्थापना, सांस्कृतिक आयोजन आज

**जबलपुर।** रविदास समाज द्वारा संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती 12 फरवरी को सम्पूर्ण विश्व में धूमधाम से मनाई जाएगी, इसके पूर्व 11 फरवरी को विभिन्न क्षेत्रिय समितियों द्वारा संत रविदास की लगभग 150 प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जहां विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित हैं। रविदास समाज के एड. बालकिशन चौधरी, अध्यक्ष सूरज चौधरी, विवेक सतनामी, राजेन्द्र चौधरी, किशोरीलाल भलावी, राजेन्द्र रामनाथन, अशोक चौधरी सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।

## तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिनी कार्यशाला संपन्न

जबलपुर।

तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स जबलपुर प्रांगण में विगत दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) भोपाल और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य जबलपुर इंजी. कॉलेज जबलपुर प्रो. डॉ. एसएस ठाकुर एवं संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने किया। इस कार्यक्रम में क्विज कॉम्पटीशन, पजल्स, स्पीच, रंगोली, पीपीटी प्रजेंटेशन प्रतियोगिता के अलावा गणित विषय की विभिन्न




शाखाओं पर केन्द्रित विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम हुए जिसमें मोटीवेशनल स्पीकर रूबी तोमर एवं डॉ. एसएस ठाकुर द्वारा गणित की मैजिक स्क्वायर का भारतीय गणित में योगदान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया, सचिव शरद गुप्ता, ट्रेजरार रतन खर्द, संस्था प्राचार्य डॉ. सुधीर भट्ट, डायरेक्टर एडमिन डॉ. बीके साहू, डॉ. आईके खन्ना, डॉ. अर्पित शुक्ला सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. शोभित वर्मा एवं डॉ. शीतल मेहता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एचएस विभाग की मैथ्य प्रो. संध्या श्रीवास्तव एवं प्रो. अनीता मुंद्रा का विशेष योगदान रहा।

## संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा कल

**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती 12 फरवरी बुधवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस आशय का निर्णय गत दिवस समाज की एक बैठक में लिया गया। जयंती की पूर्व संध्या पर आज विभिन्न क्षेत्रों में संत रविदास जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी और कल 12 फरवरी को जुलूस निकाला जाएगा

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. JC-706415X RANK SUB NAME SUJITH P S/O P DAMODHARAN OF UNIT MH, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name SHANTA and date of birth 01/07/1955 (Name and date of birth as per my Army service records) to name SANTHA T V and date of birth 06/06/1954 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 08/02/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SANTHA TV
INCORRECT NAME-SHANTA
CORRECT DATE OF BIRTH-06/06/1954
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1955

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. JC-706415X RANK SUB NAME SUJITH P S/O P DAMODHARAN OF UNIT MH, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my FATHER from name DAMODARAN and date of birth 01/07/1950 (Name and date of birth as per my Army service records) to name P DAMODHARAN and date of birth 02/01/1951 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 08/02/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-P DAMODHARAN
INCORRECT NAME-DAMODARAN
CORRECT DATE OF BIRTH-02/01/1951
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1950

**डिग्री गुमने की सूचना**

मैं, श्रेयश दुबे पिता स्व. श्री संजय दुबे उम्र 37 वर्ष, निवासी - शिवोम विला- म.नं.- बी-55, राजुल टाउनशिप, तिलहरी, तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. निम्न लिखित कथन करता हू कि यह कि मै उपरोक्त पते पर निवास करता हू कि दिनांक 20.1.2025 को अपने घर से फोटो कापी कराने बिलहरी गया था तभी रास्ते मे मेरी बी. ए. एल.एल.बी. ( आनर्स) की डिग्री जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 06B162 है जो कि गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की थी गिर जाने के कारण मूल प्रति गुम हो गई है जिसे मेरे द्वारा कॉफी तलाश किया किन्तु नही मिल पायी है ।जिस किसी सज्जन को मिले कृपया निम्न पते एवं नंबर पर संपर्क करें।
श्रेयश दुबे पिता स्व. श्री संजय दुबे
निवासी- शिवोम विला- म.नं.-बी - 55,
राजुल टाउनशिप, तिलहरी, तहसील व जिला
जबलपुर म.प्र. मो. नं. 88399 94878

# अदाणी समूह ने की किफायती, विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा प्रदान करने के लिए मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी

**अहमदाबाद।** अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसे समूह की गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवा शाखा के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। गौतम अदाणी के 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमार्थ है' के सामाजिक दर्शन के अनुरूप, अदाणी परिवार पूरे भारत में समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सस्ती, विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल और चिकित्सा शिक्षा लाने की लागत पूरी तरह से वहन करेगा। अडानी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में इन पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। गौतम अडानी की भारत भर के शहरों और कस्बों में ऐसे और अधिक एकीकृत अडानी हेल्थ सिटी बनाने की योजना है। इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, 150 स्नातक, 80+ निवासियों और 40+ फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी। एएचसी चिकित्सा पारिस्थितिकी तंत्र का लक्ष्य सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करना, डॉक्टरों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करना और नैदानिक अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बायोमेडिकल सूचना विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करना है। अदाणी समूह ने इन प्रतिष्ठानों में संगठनात्मक उद्देश्यों और नैदानिक प्रथाओं पर रणनीतिक सलाह प्रदान करने के लिए यूएसए के मेयो क्लिनिक ग्लोबल कंसल्टिंग (मेयो क्लिनिक) को नियुक्त किया है। मेयो क्लिनिक डिजिटल और सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा गुणवत्ता वृद्धि पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।



अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, ''दो साल पहले, मेरे 60वें जन्मदिन पर उपहार के रूप में, मेरे परिवार ने स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कौशल विकास में सुधार के लिए 60,000 करोड़ रुपये देने का वादा किया था। अदाणी हेल्थ सिटी का विकास इस योगदान से कई प्रमुख परियोजनाओं में से पहला है, जो भारतीय समाज के हर वर्ग के लोगों को सस्ती, विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। मुझे विश्वास है कि दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह प्रैक्टिस, मेयो क्लिनिक के साथ हमारी साझेदारी, जटिल रोग देखभाल और चिकित्सा नवाचार पर विशेष जोर देने के साथ, भारत में स्वास्थ्य देखभाल मानकों को ऊपर उठाने में मदद करेगी।'' मेयो क्लिनिक स्वतंत्र स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को, चाहे वे कहीं भी स्थित हों, अपनी विशेषज्ञता प्रदान करता है। मेयो क्लिनिक कार्यक्रम संलग्नताओं को डिजाइन करके एक अनुरूप दृष्टिकोण प्रदान करता है जो ग्राहकों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सही विशेषज्ञों से सही उत्तर प्राप्त करने में मदद करता है।

# 'प्रेम की अभिव्यक्ति' के साथ सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का नया अभियान

**नई दिल्ली।** ऐसी दुनिया में जहां शब्द अक्सर केंद्र में होते हैं, भारत के अग्रणी आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स को अपने नवीनतम अभियान, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' का अनावरण करने पर गर्व है। टेलीपैथिक संचार की मूक लेकिन शक्तिशाली भाषा को उजागर करते हुए, दिल को छू लेने वाला अभियान अनकहे प्यार और गहनों की शाश्वत सुंदरता के बीच के बिंदुओं को खूबसूरती से जोड़ता है।

इस अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहा, ''सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स में, हमारा मानना है कि प्यार छोटी-छोटी चीजों में सबसे अच्छी तरह से व्यक्त होता है - अनकहे क्षण, साझा झलकियां और शांत इशारे जो सबसे गहरे अर्थ रखते हैं। हमारा नया वेलेंटाइन संग्रह, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव', शाश्वत डिजाइनों के माध्यम से इस सार को दर्शाता है जो स्थायी बंधनों की सुंदरता का जश्न मनाता है। हमारे हर संग्रह के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को प्यार की उनकी अनूठी कहानियों को संजोने और याद दिलाने में मदद करना है, जिससे यह अवसर वास्तव में अविस्मरणीय हो।'' 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' वेलेंटाइन कलेक्शन के लॉन्च के साथ, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कालातीत आभूषण तैयार करने की अपनी विरासत को जारी रखा है जो जीवन के सबसे यादगार पलों का जश्न मनाता है। फेसेट ऑफ लव कलेक्शन के जटिल डिजाइनों से लेकर बेरी लवली के जीवंत आकर्षण और आइस क्यूब प्रिंसेस कट सॉलिटेयर कलेक्शन के बोल्ड परिष्कार तक, यह अभियान प्यार की हर अभिव्यक्ति के लिए एक आदर्श नमूना प्रस्तुत करता है। 85 वर्षों से अधिक के विश्वास और शिल्प कौशल का जश्न मनाते हुए, सेनको इस वेलेंटाइन डे पर ग्राहकों को ऐसे आभूषण देखने के लिए आमंत्रित करता है जो न केवल सुंदरता बढ़ाते हैं बल्कि उनके प्यार और संबंध की अनूठी कहानियां भी बताते हैं।

# गुजरात इंजेक्ट ने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की

वडोदरा। बीएसई लिस्टेड, गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई: 524238) देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है।

GUJARAT INJECT (KERALA) LIMITED

यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की हुए शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी, जो गत वर्ष इसी समयावधि में 21.59 लाख दर्ज की गई थी, यह कंपनी की 1,360% तक की वृद्धि दर्शाता है।

# कलाकारों ने पेइंग गेस्ट वाले दिनों को किया याद



**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया सपनों, संघर्षों और सफलताओं से भरी होती है। जो कलाकार आज प्रसिद्धि और कामयाबी का आनंद ले रहे हैं, उनमें से कईयों ने अपने जीवन की शुरूआत काफी छोटे सफर के साथ की थी और अपना खुद का घर खरीदने से पहले बतौर पीजी (पेइंग गेस्ट) या किराये के घरों में रहा करते थे। एण्डटीवी के 'भीमा' में मेवा का किरदार निभा रहे अमित भारद्वाज ने कहा, ''जब मैं पहली बार मुंबई आया था, तो मुझे इस बात का जरा भी आइडिया नहीं था कि ऑडिशन और शूटिंग के अलावा मुझे कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। मैं मीरारोड में एक किराए के अपार्टमेंट में रहता था, और इंडिपेंडेंट रूप से जीने की राह में आने वाले रोजाना के संघर्षों के लिए मैं बिलकुल तैयार नहीं था। मुझे खासतौर से कुकिंग और ट्रैवेलिंग में काफी मुश्किलें झेलनी पड़ी। जब पहली बार मैंने चावल बनाने की कोशिश की, तो मुझे यह भी नहीं पता था कि उसमें कितना पानी डालना है या उसे कितना पकाना है! मैंने गलतियों से सीखा, ऑनलाइन वीडियो देखे, और कभी-कभी कॉल करके अपनी माँ से मदद मांगी। मैंने समय के साथ, न केवल खाना बनाना सीखा, बल्कि मुझे यह पसंद भी आने लगा। सुबह जल्दी उठना, भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेनं में सफर करना, और परफॉर्मेंस के लिए एनर्जी के साथ सेट्स पर सही समय पर पहुंचना, यह रोज की लड़ाई थी। लेकिन मैंने इस शहर की लय के साथ खुद को ढाला और हर दिन खुद को आगे बढ़ाता रहा। लगता है कि यह संघर्ष मुझे धैर्य, सहनशीलता और आत्मनिर्भरता सिखा गया।'' योगेश त्रिपाठी, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, ''मैं जब पहली बार मुंबई आया था, तो मेरे पास वसई में एक पीजी में रहने के अलावा कोई और चारा नहीं था, जहां मैं चार रूममेट्स के साथ एक छोटे से कमरे में रहता था, जहां पर एक सिंगल फैन, एक छोटा सा अलमारी और एक किचन था, जिसमें हम चारों एकसाथ मुश्किल से ही खड़े हो पाते थे। अपने ऑडिशन्स और रिहर्सल्स को समय पर पूरा करने के लिये हम सभी ने हमारे शेड्यूल के हिसाब से खाने पकाने की पारी बांध ली थी। हमें ज्यादातर वड़ा पाव या दाल चावल खाकर गुजारा करना पड़ता था, लेकिन वो दिन उम्मीद और दृढ़श्चिय से भरे थे। उन दिनों ने इंसानियत और मेहनत की अहमियत सिखाई। रोहिताश्व गौड़, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी के किरदार निभा रहे है, का कहना है, ''जब मैं 1990 में मुंबई आया था, तो मेरी आँखों में केवल सपने थे और अभिनेता बनने का मजबूत संकल्प था। शहर में मेरा पहला घर एक छोटा सा किराए का अपार्टमेंट था, जो मैं दो टैलेंटेड अभिनेताओं, विनीत कुमार और संजय मिश्रा के साथ शेयर करता था। हम बारी-बारी से बिस्तर और फर्श पर सोते थे, और हमारा खाना ज्यादातर दाल-चावल ही होता था, क्योंकि यही हम अफोर्ड कर सकते थे। हर दिन एक नई मेहनत थी, शहर भर में ऑडिशन के लिए दौड़ते हुए, लगातार निराशाओं का सामना करते हुए, और कभी-कभी कुछ रुपये बचाने के लिए मीलों पैदल चलते थे। कभी-कभी हमें अपनी क्षमताओं पर संदेह भी होता था, लेकिन हम एक-दूसरे को कभी उम्मीद नहीं खोने देते थे। उस छोटे से पीजी से अब अपने खुद के घर तक का सफर लंबा जरूर था, लेकिन संतोषजनक था।''

# पानी से डरती है लड़की, छूते ही हो जाता है ऐसा हाल

**लंदन।** कुछ बीमारियों ऐसी होती है, जो लोगों के लिए काफी ज्यादा अजीबोगरीब होती है। जिन्हें इनके साथ जीवनभर जीना पड़ता है। कुछ लोगों की बीमारी इतनी ज्यादा अजीब होती है कि खाने पीने की चीजों से लेकर धूल और पानी जैसी मूलभत चीजों से भी वो बीमार पड़ जाते हैं। ऐसी ही एक लड़की की बीमारी इन दिनों सामने आई है, जो खाने पीने की चीजों से लेकर पानी सहित 40 से अधिक चीजों से एक लड़की को एलर्जी है।

- 40 से अधिक चीजों से लड़की को है एलर्जी

हैरानी की बात तो ये है कि इतनी सारी चीजों के होने के बावजूद वो लड़की अपने जीवन से काफी ज्यादा खुश है। हम बात कर रहे हैं 19 वर्षीय क्लो रामसे के बारे में, जिसको जन्म से ही कुछ चीजों से एलर्जी थी। आलम तो ऐसा था कि उसे केला और आलू जैसी चीजों को खाने के बाद एनाफाइलैक्टिक शॉक आ जाता था। हालांकि, बचपन से उसे इन चीजों के बारे में पता नहीं था, लेकिन जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ी ये समस्या बढ़ती गई

## आखिर किन चीजों से है बीमारी?

अगर बात खाने की जाए तो उन्हें केला कीवी, स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी, ब्लूबेरी, नाशपती और अंगूर जैसी चीजों से एलर्जी है। क्लोई की हालत को डॉक्टरों ने करीब से देखा तो उन्हें समझ आया कि वो 'पराग खाद्य सिंड्रोम' से पीड़ित हैं। इस बीमारी के तहत उन फलों से मरीजों को ज्यादा खतरा रहता है। जो पॉलिनेशन से बने होते हैं। अगर गलती से भी मरीज ने इन फलों को खा लिया तो उनके गले में भयंकर सूजन हो जाती है।इसके अलावा क्लो के साथ अजीब बात ये भी है कि उन्हें पानी से भी एलर्जी है, जिसे एक्वाजेनिक अर्टिकेरिया के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब कभी मेरी स्कीन पर पानी गिरता है, तो मुझे ऐसा लगता है कि किसी ने मुझ पर चाकू से हमला किया है। हालांकि, मैं मानती हूं कि मेरी किस्मत बाकी लोगों से काफी अच्छी है। सौभाग्य से मुझमें होने वाले रिएक्शन अब उतने बुरे नहीं हैं। मुझे अपनी एलर्जी का इलाज करने के लिए जीवन भर इंजेक्शन लेना पड़ेगा।

किसी भी इंसान के लिए मौत एक अंतिम सत्य है और इसे हर किसी को अपनाना ही होता है। कई बार मरते समय इंसान के मन में बहुत कुछ रह जाता है। जिसके बारे में हर कोई जानना चाहता है, लेकिन कोई जान नहीं पाता।



# मरने के दौरान इंसान के दिमाग में कौन से आते हैं ख्याल?

**लंदन।** हालांकि, आज के समय में विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि वो एक इंसान के दिमाग के बारे में सबकुछ जान सकते हैंफिर चाहे वो उनका अंतिम समय ही क्यों ना चल रहा हो! ऐसा ही कुछ इन दिनों लोगों के बीच सामने आया है। जिसके बारे में जानने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है।मरते हुए इंसान के दिमाग में आखिर क्या चलता है, इसको लेकर वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च की है और पता लगाया है कि मौत के समय में इंसानों के दिमाग में क्या चलता है। इसको लेकर वो सदियों से रिसर्च कर रहे थे! फिलहाल जिस मरीज के ऊपर ये रिसर्च की गई उसकी मौत मिर्गी के इलाज के दौरान हार्ट अटैक से हुई थी और उसकी उम्र 87 साल थी।

## मरने से पहले दिमाग की हलचल आई सामने



## क्या चलता है आखिर इंसानों के दिमाग में?

हालांकि, वैज्ञानिकों ने मृत्यु के समय मस्तिष्क की 900 सेकंड की गतिविधि को अपने उपकरण में कैद कर लिया। लुइसविले विश्वविद्यालय, केंटकी के डॉ. अजमल जेम्मार ने कहा कि मौत से पहले हमने न्यूरॉन के कंपनों के एक विशिष्ट बैंड में परिवर्तन देखा, जो ठीक वैसा ही था जैसा पुरानी जिंदगी की याद आने के समय रहता है। धड़कन बंद होने से 30 सेकंड पहले वो एक्टिव हो गया था और कुछ देर बाद तक उसी तरह सक्रिय रहा।

## जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएं आती हैं याद

इससे ये पता चलता है कि हमारे जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं की याद हमें मरने से ठीक आती है। इस बात की पुष्टि करने से पूर्व डॉक्टरों ने कुछ और लोगों से इसके बारे में पूछा, जिन्हों अपनी मौत को करीब से देखा था, लेकिन वो बच गए। इसे अपने जीवन को 'अपनी आंखों के सामने घूमते हुए' देखने के अनुभव के रूप में बताया। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि हमारे सामने जीवन की कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं आ जाती है।

# 'कचरा' बेचकर महीने के 9 लाख कमाती है लड़की

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अगर हम आपसे कहें कि रोज़ाना फेंका जाने वाला कचरा भी आपको अमीर बना सकता है तो शायद आपको हमारी बात पर यकीन नहीं होगा। हालांकि, कई बार ऐसा भी होता है कि कूड़े-कचरे में मौजूद कोई चीज़ आपके काम की निकल जाए। वैसे एक लड़की ने छोटी सी उम्र में इसके बारे में सोचा और वो जगह-जगह कचरे के डिब्बे खंगालने लगी। उसने खुद बताया कि इस आदत ने उसे घर बैठे ही कमाई का ज़रिया दे दिया। इन सामानों को बेचने के बाद उसकी कमाई आराम से बिना सीज़न के भी 45 हज़ार रुपए प्रति महीना तक हो जाती है। वहीं, अगर सीज़न शॉपिंग और त्योहारों का हो, तो वो महीने के 9 लाख रुपए तक काम लेती है। उनके हाथ कई बार कीमती चीज़ें भी लग जाती हैं, ऐसे में उसने भी ऐसा करने के लिए अपनी मां से इज़ाजत मांगी। कुछ सालों बाद उसने इससे जुड़े वीडियो भी डालने शुरू कर दिए और उसके वीडियो लोगों को पसंद भी आने लगे।

- 13 की उम्र से शुरू किया काम, मस्त चल रहा है धंधा!



## कचरा बीनकर निकालती है 'सोना'

अमेरिका के टेक्सस की रहने वाली एला रोज ने सिर्फ 13 साल की उम्र में एक ऐसा शौक पाल लिया, जिसने उसे 23 साल की उम्र में अमीर बना दिया है। वो कुछ हाई एंड स्टोर्स के बाहर फेंके जाने वाले कचरे के डिब्बों को खंगालती है और उसका कहना है कि इनमें उसे ऐसे आइटम्स भी मिलते हैं, जो ऑनलाइन हज़ारों-लाखों में बिक जाते हैं। एला का कहना है कि वो बिक चुके आइटम्स, डोनेट किए गई चीजों और बड़े-बड़े ब्रांड्स की रिजेक्टेड चीजों को इकट्ठा करती है और इसे ऑनलाइन बेच देती है। कई बार उसे फेंकी गई चीजों में से महंगे आइटम्स भी मिल जाते हैं। अब तक सबसे महंगे आइटम के तौर पर उसे 50000 रुपए की कीमत का डायसन एयररैप और वैलेंटिनो का 44 हज़ार रुपए का ट्रेनर मिल चुका है।

## हॉबी को बना लिया बिजनेस

इन सामानों को बेचने के बाद उसकी कमाई आराम से बिना सीज़न के भी 45 हज़ार रुपए प्रति महीना तक हो जाती है। वहीं, अगर सीज़न शॉपिंग और त्योहारों का हो, तो वो महीने के 9 लाख रुपए तक काम लेती है। वो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भी अपने काम से जुड़े वीडियो डालती है, जिससे इंस्पायर होकर कई लोगों ने कचरे में अपना हाथ आजमाया और उन्हें भी कीमती चीजें मिली हैं। एला बताती है कि उसके परिवार ने पहले तो उसे ऐसा करने से मना किया, लेकिन ये उसकी हॉबी थी और उसने इससे पैसे कमाने शुरू कर दिए।


## आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बौनस- 09034329258 (रायपुर /09 /फरवरी25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** — व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** — सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान


**धनु** — भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** — किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5775



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5774 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 5785

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5784 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि सहेली



वैलेंटाइन-डे स्पेशल

स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

# प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

## जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है।

स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

## प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण



मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ.



रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।

## प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

## महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है। a

# सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो,लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक थॉट्सफुल कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे! a

# इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

मेकअप

विधि गोयल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।



**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें। फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। a

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

# गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

फीलिंग्स


श्रुति आयंगर

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।

**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।



**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।



**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड, हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।




**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं। a



# ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक के बावजूद हारा दक्षिण अफ्रीका, फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| लाहौर


केन विलियमसन का नाबाद शतक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ा। इससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका के 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने विलियमसन की 113 गेंद में नाबाद 133 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर मे चार विकेट पर 308 रन बनाकर जीत दर्ज की। विलियमसन का 2019 विश्व कप के बाद यह पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक है।

### 187 रन की साझेदारी

विलियमसन ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (97 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी भी की। कॉनवे ने 107 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा।

### डेब्यू में 150+ रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर



ब्रीट्जके पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी।

### विलियमसन ने 113 गेंद में खेली नाबाद 133 रन की पारी

#### 128 गेंद में जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने आठवें ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा (20) का विकेट गंवाया जिसके बाद ब्रीट्जके ने जेसन स्मिथ (41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर पारी को संवारा और फिर वियान मुल्डर के साथ भी चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। ब्रीट्जके ने विल ओरोर्के पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर 128 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने अगली 20 गेंद में हेन्स के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।




#### 4 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे।

#### अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज

कोलिन इनग्राम, बावुमा और रीजा हेंड्रिक्स के बाद ब्रीट्जके पदार्पण मुकाबले में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज हैं। मैट हेनरी (59 रन पर दो विकेट) ने ब्रीट्जके को मिड ऑफ पर माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराके उनकी पारी का अंत किया। ओरोर्के ने भी 72 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। बटलर ने संवाददाताओं से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।'

### पाकिस्तान घर में करेगा दमदार प्रदर्शन : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। शास्त्री ने कहा, 'मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'



### जिल टीचमैन ने जीता मुंबई ओपन खिताब

**मुंबई।** भारत की प्रार्थना थोंबारे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो यहां मुंबई ओपन डब्लूटीए 125 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के युगल फाइनल में अमीना अंशबा और एलेना प्रिडैंकिना की रूसी जोड़ी से हार गईं, जबकि जिल टीचमैन ने मनंचया सवांगकाउ को हराकर एकल खिताब जीता।



स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाउ को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडैंकिना की जोड़ी ने थोम्बारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 अमेरिकी डॉलर का इनाम जीता।

### आयरलैंड ने लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता

**बुलावायो।** आयरलैंड ने सोमवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन जिंबॉब्वे को 63 रन से हराकर लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आयरलैंड को 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा दिया था जिससे वह टेस्ट क्रिकेट खेलने की योग्यता हासिल कर गया।

## रणजी ट्रॉफी : फॉर्म में वापसी करते हुए खेली 70 रन की पारी

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर कसा शिकंजा

**मुंबई ने 292 रन की बनाई बढ़त, शार्दुल ने झटके 5 विकेट**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।



### विदर्भ ने तमिलनाडु पर बनाई 297 रन की बढ़त

**नागपुर।** विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छठी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा जिससे पिछले साल की उपविजेता टीम ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ कुल 297 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। साई किशोर की टीम 64.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 128 रन की बड़ी बढ़त मिली। मौजूदा सत्र में अब तक अजेय विदर्भ ने तीसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 169 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 297 रन तक पहुंचाया।

### 14 पारी के बाद फिफ्टी

सूर्य कुमार ने इस तरह से सभी तरह की क्रिकेट में 14 पारियों के बाद अर्धशतक लगाया। इससे पहले पिछली 10 पारियों में उनका उच्चतम स्कोर 20 रन था। उन्होंने अनुज ठकराल की गेंद को हुक करके मिडऑन पर कैच थमाया।

### गुजरात 511 रन का विशाल स्कोर

**राजकोट।** जयमीत पटेल ने सुबह अपना शतक पूरा किया लेकिन वह विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल थे, जिन्होंने 140 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 33 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी गुजरात से 262 रन पीछे है।

### कप्तान डोगरा 73 रन पर नाबाद

**पुणे।** कप्तान पारस डोगरा के नाबाद अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां केरल के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाकर 179 रन की बढ़त हासिल की। डोगरा 73 रन बनाकर खेल रहे हैं। कन्हैया वधावन 42 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर चुके हैं। केरल ने इससे पहले दिन की शुरुआत नौ विकेट पर 200 रन से की और टीम इस समय जम्मू-कश्मीर के पहली पारी के स्कोर से 80 रन पीछे थी। जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में बढ़त बनाने की उम्मीद थी लेकिन सलमान निजारा ने 172 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलकर केरल को 281 रन तक पहुंचाकर उसे एक रन की बढ़त दिला दी।

# गुकेश ने गंवाई पहली बाजी आज वापसी पर टिकी नजरें



एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

**■ फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज**

विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे।

रविवार को 'सामान्य टाइम कंट्रोल' के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे। भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया।

### कार्लसन की आसान जीत



मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।

## एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिपः मालविका को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# सिंधू के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधू ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधू गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में



जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### अब तक स्वर्ण का सूखा

भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

### सभी अनुभवी खिलाड़ी

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## आईएसएसएफ अकादमी ने सिमोन से की साझेदारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी ने अपने शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और देश में कोचिंग मानकों को ऊंचा करने के लिए भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ के साथ साझेदारी की है। आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली के पहले राइफल निशानेबाज शरीफ को आईएसएसएफ अकादमी से एक पत्र मिला है जिसमें उसने भारत में निशानेबाजी कोचिंग अकादमी चलाने वाले इस राइफलमैन के साथ अपने जुड़ाव की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है, 'इस साझेदारी से हमारा लक्ष्य आईएसएसएफ अकादमी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोचिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है जहां कोच आवश्यक कौशल, ज्ञान और आईएसएसएफ से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र धारक हैं।'

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/136 दिनांक 07.02.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), बामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा प्रपत्र के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए "डब्ल्यूएपी-4 इलेक्ट्रिक लोको की 60 फ्लेक्सी कॉइल बोगियों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग (जीर्णोद्धार)"। **अनुमानित मूल्य:** रु.80,38,365.08, **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,60,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य।, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.02.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक/योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-593/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थय यॉत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**

दूरभाष – 07642–252443 ई–मेल – eephedmal@mp.nic.in फेक्स – 07642–253622

निविदा क्र. 88/2024–25/नि.शाखा/लो.स्वा.यॉ./2025 मण्डला, दिनॉक 07.02.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 18/02/2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 20/02/2025 सायं 12.00 बजे के पश्चात् है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई–टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**कार्य का नाम :–** खण्ड/उपखण्ड कार्यालय के अंतर्गत बोलेरो/स्कॉपियो/टी.यू.व्ही. निरीक्षण वाहन ड्रायवर सहित मासिक किराये पर वाहन मालिक अथवा टेक्सी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये जाने का कार्य।

| क्र. | निविदा क्र. | ई–टेण्डर न. | कार्यालय का नाम | वाहन की संख्या | निविदा लागत | धरोहर राशि | प्रपत्र की कीमत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 3 | 88/ 24-25 | 2025_PHED_ 401527_1 | उखण्ड निवास | 01 नग | 2.88 | 5800 | 2000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

नोट निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थय यॉत्रिकी खण्ड मण्डला

G-22861/24

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/30 | | | |
| 1. | उप सीटीओ (आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर) | 01 | कंत्राटी |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/31 | | | |
| 1. | सर्कल डिफेंस बैंकिंग सलाहकार – (CDBA) बेंगलुरु | 01 | कंत्राटी |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/32 | | | |
| 1. | आंतरिक लोकपाल (I.O) | 02 | कंत्राटी |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.02.2025 से 02.03.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 08.02.2025 महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (Co)/S.E.C. रेलवे नागपुर निम्नलिखित कार्यों के कार्यान्वयन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित कर रहे है।

**अनु.क्र. 1 निविदा सूचना सं. C/37/NGP/2024-2025**
**कार्य का नाम:** 1) एडीईएन/ट्रॅक/नागपुर के अधिकार में एलएचएस क्रमांक 546 पर प्रकाश व्यवस्था के साथ कवर्ड शेड का प्रावधान। 2) एडीईएन/ट्रॅक/नागपुर के अधिकार में अंतर्गत एलएचएस संख्या 565 पर प्रकाश व्यवस्था के साथ कवर्ड शेड का प्रावधान। 3) एडीईएन/ट्रॅक/नागपुर के अधिकार में केएनएचएन यार्ड में एलएचएस 561 पर प्रकाश व्यवस्था के साथ कवर शेड का प्रावधान। 4) एडीईएन/ट्रॅक/ नागपुर के अधिकार में केटी-आरआरएल खंड के दौरान एलएचएस संख्या 545 पर प्रकाश व्यवस्था के साथ कवर शेड का प्रावधान। 5) इतवारी (एनआईटीआर) में नये टी.एल. कक्ष का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** में 3,44,37,566/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि (रु.)** में 3,22,200/-

**अनु. क्र. २ निविदा सूचना सं. C/38/NGP/2024-2025**
**कार्य का नाम:** एडीईएन/ट्रॅक/नागपुर के अधिकार में इतवारी, कामठी और कन्हान स्टेशनों पर नए आरसीसी ओवरहेड जल भंडारण टैंकों का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** में 1,49,65,967/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि (रु.)** में 2,24,800/-

**अनु. क्र. ३ निविदा सूचना सं. C/39/NGP/2024-2025**
**कार्य का नाम:** एडीईएन/ट्रॅक/नागपुर के अधिकार में छोटे पुलों के बॅलास्ट रिटेनर विंग वॉल, ग्राउटिंग टू एक्सपोज्ड सुदृढ़ीकरण. **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** में 1,97,28,636/- **बयाना राशि/ सुरक्षा राशि (रु.)** में 2,48,700/-

**अनु. क्र. ४ निविदा सूचना सं.C/40/NGP/2024-2025**
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन में सेज और टंग रेल की मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** में 17,25,133/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि (रु.)** में 34,500/-

**अनु. क्र. ५ निविदा सूचना सं. E/40/NGP/2024-2025**
**कार्य का नाम:** 1) एडीईएन/गोंदिया के अधिकार में जीसी कॉलोनी, गोंदिया में स्थानांतरण खाते पर टाइप-II क्वार्टर 6 इकाइयों का निर्माण। 2) एडीईएन/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में गोंदिया में रेलवे अस्पताल का उन्नयन। **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** में 2,24,74,318.24/- **बयाना राशि/सुरक्षा राशि (रु.)** में 2,62,400/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक 28.02.2025 को 15.00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य)**
AAA/35/213 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## जबलपुर एसटीएफ व स्ट्राइक फोर्स और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# जमीन के अंदर गड़ा रखा था 940 किलो गांजा

हरिभूमि जबलपुर।

स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ की जबलपुर से गई टीम ने पुलिस के साथ पड़ोसी जिले ग्राम पड़रिया में बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ ने यहां 3 करोड़ का 940 किलो गांजा जब्त किया वहीं बड़ी मात्रा में वन्य प्राणियों के अंग भी जब्त किए है। एसटीएफ की टीम ने वन विभाग के साथ मिलकर जंगल में दबिश दी और जमीन की जेसीबी से खुदाई कराई तो जमीन के अंदर 700 किलो गांजा मिला। बताया गया है कि तस्करों ने यहां अपनी पूरी एक बस्ती बसाकर रखी थी।

घरों की तलाशी लेने पर पुलिस को देशी बम, बंदूक, और कई हथियार मिलें, मुख्य आरोपी फरार हो गया, पुलिस ने चार नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामलें में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। डिंडौरी एसपी ने धनगवां थाना प्रभारी शिवकुमार मरकाम को निलंबित कर दिया। रविवार की सुबह प्रारंभ की गई कार्रवाई देर रात तक जारी रही। वन विभाग की डीएफओ पुनीत सोनकर ने बताया कि जबलपुर से टाइगर स्ट्राइक फोर्स, एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। आरोपियों के पास से एक दर्जन महंगी बाईके भी जब्त की गई।







### अन्य जिलों में करते थे सप्लाई

एसटीएफ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर की स्ट्राइक फोर्स की टीम को खबर मिली थी कि शहपुरा स्थित पड़रिया के जंगल को शिकारियों व तस्करों ने अवैध कारोबार का अड्डा बनाया है। तस्कर बाहर के राज्यों से लाया जाने वाला गांजा यहां पर जमीन के अंदर रखते है इसके बाद जबलपुर सहित आसपास के जिलों में सप्लाई करते है। यहां तक कि जंगल में जंगली जानवरों का शिकार भी करते है। इसके बाद आज जबलपुर से पहुंची स्ट्राइक फोर्स की टीम ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर दबिश दी. जहां से करीब 940 किलो गांजा मिला, गांजा को निकालने के लिए जेसीबी बुलाई गई। यहां तक कि अधिकारियों द्वारा सूचना दिए जाने पर शहपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. टीम को गांजा के अलावा जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए छिपाए गए उपकरण जैसे प्रेशर बम, जाल, चाकू भी मिले है।

### एक आरोपी भागने में सफल

अधिकारियों का कहना है कि मामले में मुख्य आरोपी सूर्य अपने कुछ साथियों के साथ जंगल के रास्ते भागने में सफल हो गया है, वहीं पुलिस ने चार नाबालिग संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। जिन्हे थाना लाकर पूछताछ की जा रही है, जिससे और भी खुलासे होने की संभावना है। वहीं पुलिस की एक टीम द्वारा फरार आरोपियों को पकडऩे के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। इस घटना के बाद शहपुरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### एक दर्जन मोटर साइकलें भी मिली

स्ट्राइक फोर्स, वन विभाग व पुलिस की टीम ने जब जंगल में तलाशी लेना शुरु किया तो एक स्थान पर 12 मोटर साइकलें भी मिली है। बताया जा रहा है कि आसपास के जिलों में इन्ही मोटर सायकिलों से गांजा सप्लाय किया जाता था ये मोटर सायकिलें किसकी है इसकी छानबीन की जा रही है।

## ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को ठेका देने पर हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट मे एक जनहित याचिका दायर कर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। न्यायाधीश विवेक अग्रवाल और न्यायाधीश अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने इस मामले में कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन, केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय, एड्युक्विटी कैरियर टेक्नोलॉजीज़ (बेंगलुरु) और एप्टेक लिमिटेड (मुंबई) को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी आसिफ अली की ओर से दलील दी कि कर्मचारी चयन आयोग ने मध्य प्रदेश में कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षाओं के संचालन के लिए 24 अक्टूबर 2024 को निजी कंपनियों से निविदा आमंत्रित की थी। आरोप है कि इस प्रक्रिया में पहले से ब्लैकलिस्टेड एड्युक्विटी कैरियर टेक्नोलॉजीज़ (बेंगलुरु) और एप्टेक लिमिटेड (मुंबई) को भी शामिल किया गया। अंततः परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी एप्टेक लिमिटेड (मुंबई) को सौंपी गई, जिसे पहले ही गुवाहाटी और जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट द्वारा ऑनलाइन परीक्षा कराने के लिए अयोग्य ठहराया जा चुका है। इसी प्रकार, एड्युक्विटी कैरियर टेक्नोलॉजीज़ (बेंगलुरु) को भी केंद्र सरकार ने ब्लैकलिस्ट कर रखा है।



## हाईकोर्ट ने कलेक्टर से हलफनामा में मांगा जवाब

# नायब तहसीलदार ने किस आधार पर दिया स्टे ऑर्डर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक जैन की एकलपीठ ने नायाब तहसीलदार के स्थगन आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर जबलपुर, नायाब तहसीलदार शहपुरा और अनावेदक को नोटिस जारी किए है। हाईकोर्ट ने जारी नोटिस में पूछा है कि एक जमीन पर दावा, विवाद सिविल कोर्ट में लंबित होने के बाद भी अनावेदक के पक्ष में कैसे स्टे ऑर्डर जारी कर दिया। कलेक्टर से चार सप्ताह के अंदर हलफिया जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि कलेक्टर जो जवाब प्रस्तुत करेंगे उसके लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे और यदि तहसीलदार ने पद का दुरुपयोग करते हुए स्थगन आदेश जारी किया है तो उन पर क्या कार्रवाई की गई, यह भी कोर्ट को बताना होगा। जवाब पेश न करने पर कलेक्टर को कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। याचिकाकर्ता रोहन लाल मेहरा की ओर से अधिवक्ता सचिन जैन ने दलील दी कि याचिकाकर्ता और अनावेदक मदनलाल और लखनलाल से गांव की एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिस पर अनावेदक मदनलाल ने सिविल न्यायालय में एक दावा पेश किया था और स्टे ऑर्डर की राहत चाही गई थी जिसे सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया। वाद अभी सिविल न्यायालय में लंबित है। इस बीच अनावेदक पक्ष द्वारा सिविल कोर्ट में अपील याचिका दायर की गई, जो खारिज हो चुकी है। यह मामला संज्ञान में होने के बाद भी नायाब तहसीलदार द्वारा मदनलाल, लखनलाल के आवेदन पर स्टे ऑर्डर जारी कर दिया गया। अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए कलेक्टर जबलपुर, नायाब तहसीलदार और अनावेदकों को नोटिस जारी किए है। चार सप्ताह के अंदर कलेक्टर से जवाब तलब किया गया है। हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि समय सीमा पर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर कलेक्टर को स्वयं हाईकोर्ट में उपस्थित होना होगा।



## एप डाउनलोड करते ही खाते से निकली रकम

# जालसाज ने की 2 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि जबलपुर।

लार्डगंज थाना अतंर्गत जीबीएम कालोनी में अपने ससुराल में आयोजित गृह प्रवेश में शामिल होने आए एक युवक के साथ 1 लाख 93 हजार रुपए की धोखाधड़ी हो गई। किसी अज्ञात जालसाज ने मोबाइल पर फोन करके बोला कि आपके क्रेडिट कार्ड में एक सर्विस एक्टिवेट हो गया है जिसका मासिक किराया 2 हजार 499 रूपये है। यदि इसे बंद कराना है तो एक एप डाउनलोड करना पड़ेगा। युवक ने जैसे ही एप डाउनलोड किया तो उसके खाते से रुपए उड़ गए। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल प्रिंस विराज के समीप जीबीएम कालोनी में गोवा से अपनी सुसराल आए अरुण कुमार अग्रहरि के मोबाइल पर गत 24 अगस्त को एक फोन आया था, जिसमें फोन करने वालें ने कहा कि आपके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड में एक सर्विस एक्टिव हो गई है जिसका मासिक किराया 2 हजार 499 रुपए है, यदि इसे बंद कराना है तो भेजी गई वेबासाईड इंडुसहेल्प.इन पर जाकर इंडी एप डाउनलोड करे। उसने एप डाउनलोड किया और बताई गई प्रोसिस को फॉलो किया उसके बाद एक फोन आया कि आपकी सर्विस डी एक्टीवेट हो गई उसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आया और उसके खाते से 1 लाख 93 हजार 791 रुपए निकल गए। पुलिस ने अरुण के साले नितीश अग्रहरि द्वारा की गई रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



## रेल यातायात प्रभावित

# कटनी स्टेशन के ऑउटर पर मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के तहत आने वालें कटनी स्टेशन के पास आउट पर सोमवार की दोपहर 3 बजे एक मालगाड़ी के 5 डिब्बे पटरी से उतर गए. जिससे जबलपुर-कटनी रेलखंड पर यातायात प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से एक मालगाड़ी बीना की ओर जा रही थी, लेकिन जबलपुर आउटर ब्रिज के पहले मालगाड़ी के डिब्बे पांच डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। रेल दुर्घटना की वजह से कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर आने वाली ट्रेनों को आउटर पर रोका जा रहा है। घटना के बाद रेलवे की वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू हो गया।



### जबलपुर-चांदाफोर्ट कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन रद्द

रेल मंडल जबलपुर द्वारा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन के संचालन हेतु जबलपुर-चांदाफोर्ट-जबलपुर ट्रेन के रेक का उपयोग किये जाने के कारण गाडी संख्या 22174/ 22173 जबलपुर-चांदाफोर्ट -जबलपुर 11 फरवरी को रद्द रहेगी।

# नर्सिंग कॉलेज घोटाला: सीसीटीवी फुटेज की रिकवरी अब तक अधूरी

### साइबर ब्रांच ने सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सोमवार को भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच ने हाईकोर्ट की युगलपीठ (न्यायाधीश संजय द्विवेदी और न्यायाधीश ए.के. पालीवाल) के समक्ष अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की।

रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व महिला रजिस्ट्रार के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर ली गई है, लेकिन कार्यालय के सीसीटीवी कैमरों का फुटेज अब तक रिकवर नहीं हो पाया है। फुटेज की बहाली के लिए डीवीआर को केंद्रीय लैब भेजा गया है।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने यह मामला उठाया था, जिसमें प्रदेश में संचालित फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की अनियमितताओं को उजागर किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया कि घोटाले में शामिल एक निरीक्षक को नर्सिंग काउंसिल का रजिस्ट्रार और तत्कालीन निदेशक को अध्यक्ष बना दिया गया था। इन अधिकारियों के पद पर रहते हुए साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने की आशंका जताई गई थी।

हाईकोर्ट ने पहले ही रजिस्ट्रार अनीता चंद्र और अध्यक्ष जितेश चंद्र शुक्ला को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके, दोनों अधिकारियों को हटाने में देरी पर अदालत ने सरकार से नाराजगी जताई थी। इसके बाद सरकार ने 24 घंटे के भीतर आदेश का पालन करने का आश्वासन दिया था।

पिछली सुनवाई में रजिस्ट्रार ने बताया था कि कार्यालय में 13 से 19 दिसंबर तक का सीसीटीवी डेटा उपलब्ध नहीं है। अदालत ने इस पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि आदेश के बावजूद फुटेज को सुरक्षित नहीं रखा गया, जिससे न्यायालय के साथ लुका-छिपी का खेल खेला जा रहा है। कोर्ट ने भोपाल पुलिस आयुक्त और साइबर सेल प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी संभावित प्रयास कर सीसीटीवी फुटेज पुनः प्राप्त किया जाए। साथ ही, पूर्व रजिस्ट्रार के फोन लोकेशन से यह सुनिश्चित किया जाए कि वह उस अवधि में कार्यालय में मौजूद थीं या नहीं। क्षेत्र के अन्य सीसीटीवी कैमरों, विशेष रूप से बैंक के कैमरों की फुटेज भी मांगी गई है, लेकिन अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में संकेत दिया था कि यदि अनियमितताओं पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं हुई, तो जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

## दिन में धूप लगने लगी तेज

# उत्तरी हवाओं से रात में ठण्डक



**जबलपुर।** एक बार फिर पश्चिमी विक्षोप की वजह से तापमान उछाल ले रहा है। दिन में आसमान पर हल्की बादलों की परत छा गई और वातावरण गर्म हो गया। तापमान औसत से ऊपर निकल गया। वहीं रात में उत्तरी हवाओं ने गुलाबी ठण्डक का एहसास दिलाया। हवा में नमीं घट जाने से दिन में गर्मी होने लगी है जबकि रात में ठण्डक बनी रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक अब धीरे-धीरे गर्मी की दस्तक शुरु होगी। फिलहाल उत्तरी हवाओं की ठण्डक बनी हुई है जबकि दिन में धूप तेज लगने लगी है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक दिन में गर्मी रात में ठण्ड के बीच हवायें अपना असर दिखा रही है। बादलों के बल पर पारा ऊपर चढ़ने लगा है। पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.06 सामान्य से 3 डिग्री अधिक जबकि न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 75 प्रतिशत और सांय काल 53 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज दिन अधिकतम तापमान 24.03 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 10.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे कम 7.8 डिग्री तापमान कल्याणपुर जिले में दर्ज किया गया। उत्तरी पूर्वी हवाएं 2 से 3 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घण्टे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240